कानपुर से प्रकाशित राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# लोकजन संदेश

विश्वास तोड़ते नहीं, सच छोड़ते नहीं

वर्षः10 अंकः33
पृष्ठ : 8
कानपुर महानगर,
सोमवार
17 जून , 2024
मूल्य रु. 2.00





## कांग्रेस ने परीक्षा में गड़बड़ी को लेकर उठाए कई सवाल

नई दिल्ली। मेडिकल में दाखिले से जुड़ी नीट (नेशनल एलिजविलिटी कम एंट्रेस एक्जाम) परीक्षा में गड़बड़ी के लग रहे आरोपों के तूल पकड़ने और उसे लेकर तेज हुई सियासत के बीच अब विपक्ष ने सरकार पर निशाना साधा है। नीट (नेशनल एलिजविलिटी कम एंट्रेस एक्जाम) परीक्षा में गड़बड़ी को लेकर कांग्रेस ने रविवार को कहा कि राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी की ईमानदारी और नीट के डिजाइन और संचालन के तरीके पर %गंभीर सवाल हैं। विपक्षी दल ने उम्मीद जताई कि जब संसद की नई स्थायी समितियां गठित होंगी तो वे NEET, NTA और NCERT की गहन समीक्षा करेंगी।

## उत्तर भारत के कई राज्यों में भीषण गर्मी और लू का प्रकोप

नई दिल्ली। देश के अधिकांश हिस्सों में भीषण गर्मी और लू का प्रकोप जारी है। उत्तर प्रदेश, दिल्ली, हरियाणा और पंजाब के मैदानी इलाके ही नहीं, पहाड़ी राज्यों हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के भी ज्यादातर जिले भी लू की चपेट में हैं। मौसम विभाग ने इन दोनों राज्यों के लिए लू का अलर्ट जारी किया है। राजधानी दिल्ली में भीषण गर्मी से राहत मिलती नहीं दिख रही है और अगले तीन दिनों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग के मुताबिक, शनिवार को दिल्ली में अधिकतम तापमान मौसम के औसत से छह डिग्री अधिक 44.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

# गृह मंत्री शाह ने की जम्मू-कश्मीर के सुरक्षा हालात की समीक्षा को लेकर की हाई लेवल मीटिंग



नयी दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने जम्मू-कश्मीर में हाल में हुए आतंकवादी हमलों के मद्देनजर रविवार को क्षेत्र के सुरक्षा हालात की समीक्षा की। सूत्रों ने यह जानकारी दी। शाह ने 29 जून से शुरू होने जा रही वार्षिक अमरनाथ तीर्थयात्रा की तैयारियों की भी समीक्षा की। सूत्रों ने बताया कि गृह मंत्री को जम्मू-कश्मीर के मौजूदा हालात के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई और आने वाले दिनों में सुरक्षाबल वहां आतंकवाद रोधी अभियान तेज कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि आतंकवादियों के खिलाफ अभियान प्रधानमंत्री के निर्देशानुसार चलाया जाएगा। शाह ने यहां नॉर्थ ब्लॉक में उच्चस्तरीय बैठक की अध्यक्षता की। इससे तीन दिन पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी इसी मुद्दे पर एक बैठक की थी जिसमें उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिया था। बैठक में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल, जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा, सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे, अगले सेना प्रमुख के तौर पर नामित लेफ्टिनेंट जनरल उपेंद्र द्विवेदी, केंद्रीय गृह सचिव अजय भल्ला, गुप्तचर ब्यूरो के निदेशक तपन डेका, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के महानिदेशक अनीश दयाल सिंह, बीएसएफ के महानिदेशक नितिन अग्रवाल, जम्मू-कश्मीर पुलिस के महानिदेशक आर आर स्वैन और अन्य शीर्ष सुरक्षा अधिकारी शामिल हुए।सूत्रों ने बताया कि पिछले शुक्रवार को हुई एक बैठक में शाह को जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा स्थिति, अंतरराष्ट्रीय सीमा और नियंत्रण रेखा पर सुरक्षाबलों की तैनाती, घुसपैठ की कोशिशों, आतंकवाद रोधी अभियानों की स्थिति और केंद्र शासित प्रदेश में सक्रिय आतंकवादियों के बारे में जानकारी दी गई थी। आतंकवादियों ने पिछले चार दिनों में जम्मू-कश्मीर के रियासी, कठुआ और डोडा जिलों में चार स्थानों पर हमले किए, जिनमें नौ तीर्थयात्रियों और सीआरपीएफ के एक जवान की मौत हो गई तथा सात सुरक्षाकर्मी और कई अन्य घायल हो गए। कठुआ जिले में सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में दो संदिग्ध पाकिस्तानी आतंकवादी भी मारे गए और उनके पास से भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद हुआ। आतंकवादियों ने नौ जून को तीर्थयात्रियों की एक बस पर उस समय गोलीबारी की जब यह शिव खोरी मंदिर से कटरा की ओर जा रही थी। इस बस में उत्तर प्रदेश, राजस्थान और दिल्ली के श्रद्धालु सवार थे। गोलीबारी के बाद बस गहरी खाई में गिर गई थी जिसमें नौ लोगों की मौत हो गई थी और 41 अन्य घायल हो गए थे। आतंकवादियों ने 11 जून को भद्रवाह में राष्ट्रीय राइफल्स और पुलिस की संयुक्त चौकी पर गोलीबारी की थी।

*शाह ने 29 जून से शुरू होने जा रही वार्षिक अमरनाथ तीर्थयात्रा की तैयारियों की भी समीक्षा की। सूत्रों ने बताया कि गृह मंत्री को जम्मू-कश्मीर के मौजूदा हालात के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई और आने वाले दिनों में सुरक्षाबल वहां आतंकवाद रोधी अभियान तेज कर सकते हैं।*

## सीएम योगी ने गंगा दशहरा पर उप्र के लोगों को शुभकमानाएं दीं



लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को गंगा दशहरा पर राज्य के लोगों को शुभकामनाएं देते हुए उनके जीवन में सुख, शांति और समृद्धि की कामना की।मुख्यमंत्री योगी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर अपने एक संदेश में कहा, ''मोक्षदायिनी, जीवनदायिनी, राष्ट्रीय नदी माँ गंगा के अवतरण दिवस गंगा दशहरा की प्रदेशवासियों व सभी श्रद्धालुओं को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं! माँ गंगा की कृपा से सभी के जीवन में सुख, शांति, समृद्धि व आरोग्यता का वास हो, यही प्रार्थना है। जय मां गंगे! गंगा दशहरा ज्येष्ठ शुक्ल दशमी को मनाया जाता है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार इसी दिन मां गंगा का अवतरण पृथ्वी पर हुआ था।

## टीडीपी का समर्थन करेगा 'इंडिया' गठबंधन



मुंबई। शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) के नेता संजय राउत ने रविवार को कहा कि अगर सत्तारूढ़ गठबंधन में शामिल तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) लोकसभा अध्यक्ष पद के लिए उम्मीदवार खड़ा करती है तो विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के सभी सहयोगी उसके लिए समर्थन सुनिश्चित करने का प्रयास करेंगे। राउत ने यहां पत्रकारों से बातचीत में दावा किया कि लोकसभा अध्यक्ष का चुनाव महत्वपूर्ण होगा और अगर भाजपा को यह पद मिलता है तो वह सरकार का समर्थन करने वाले दलों तेदेपा, जनता दल यूनाइटेड (जदयू) तथा चिराग पासवान और जयंत चौधरी के राजनीतिक संगठनों को तोड़ देगी। उन्होंने दावा किया, हमें अनुभव है कि भाजपा उन लोगों को धोखा देती है जो उसका समर्थन करते हैं। राउत ने कहा, मैंने सुना है कि तेदेपा अपना उम्मीदवार खड़ा करना चाहती है। अगर ऐसा होता है, तो 'इंडिया' गठबंधन के सहयोगी इस मुद्दे पर चर्चा करेंगे और यह सुनिश्चित करने की कोशिश करेंगे कि विपक्षी गठबंधन के सभी सहयोगी तेदेपा को समर्थन दें। राज्यसभा सदस्य ने कहा कि नियम के मुताबिक विपक्ष को उपाध्यक्ष का पद मिलना चाहिए।

## धर्मेन्द्र प्रधान ने कबूल की एनटीए में सुधार की बात



नई दिल्ली। नीट यूजी परीक्षा और रिजल्ट में हुई धांधली के बाद से नेशनल टेस्टिंग एजेंसी विवादों में घिरा हुआ है। देशभर में एनटीए के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन हो रहे हैं। विद्यार्थी नीट यूजी परीक्षा रद्द करने की मांग कर रहे हैं। इसके अलावा परीक्षा में हुई धांधली की सीबीआई जांच कराने की भी मांग की जा रही है। इन सब के बीच बिहार के पटना-नालंदा और गुजरात के गोधरा से नीट पेपर लीक होने के संकेत मिले है। आर्थिक अपराध इकाई (ईओयू) के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक एन एच खान ने इस बात की जानकारी दी है। एन एच खान ने इंडियन एक्सप्रेस से बात करते हुए कहा, %हमने नेशनल टेस्टिंग एजेंसी से कुछ सवाल पूछे थे, जो नीट का आयोजन करती है। हमारी टीम को अभी जवाब मिले हैं। हमारे पास कुछ अनुवर्ती सवाल हो सकते हैं। हम अपनी जांच के दौरान प्राप्त कुछ संपर्कों पर काम कर रहे हैं, जो पेपर लीक होने का बहुत संकेत देते हैं। बिहार के पटना-नालंदा और गुजरात के गोधरा से नीट पेपर लीक होने के संकेत मिलने पर केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने प्रतिक्रिया दी है। केंद्रीय शिक्षा मंत्री ने पेपर लीक के आरोपों से इनकार कर दिया था, लेकिन अब उन्होंने कहा कि नीट परीक्षा को लेकर कुछ अनियमितताएं सामने आई हैं। प्रधान ने कहा, सुप्रीम कोर्ट की संस्तुति पर 1,563 अभ्यर्थियों की पुनः परीक्षा का आदेश दिया गया है... दो स्थानों पर कुछ अनियमितताएं सामने आई हैं।

# ईवीएम पर राहुल को संदेह



नई दिल्ली। टेस्ला और स्पेसएक्स के प्रमुख एलन मस्क के बाद अब कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने ईवीएम पर सवाल खड़े किए हैं। रविवार को सोशल मीडिया प्लेटफार्म %एक्स% पर एक पोस्ट कर गांधी ने ईवीएम की पारदर्शिता को लेकर चिंता जताई। उन्होंने लिखा, भारत में ईवीएम एक ब्लैक बॉक्स है, और किसी को भी उनकी जांच करने की अनुमति नहीं है। हमारी चुनावी प्रक्रिया में पारदर्शिता को लेकर गंभीर चिंताएँ जताई जा रही हैं। जब संस्थाओं में जवाबदेही की कमी होती है, तो लोकतंत्र एक दिखावा बन जाता है और धोखाधड़ी की संभावना बढ़ जाती है। राहुल गांधी ने अपने पोस्ट में एक अखबार की खबर की तस्वीर भी साझा की है, जिसमें मुंबई की एक घटना का जिक्र है। बता दें, इस घटना में शिवसेना (शिंदे गुट) के उम्मीदवार रविंद्र वायकर के साले मंगेश पंडिलकर पर फोन के जरिए ईवीएम को अनलॉक करने का आरोप लगा है। वनराई पुलिस के अनुसार, मोबाइल फोन का इस्तेमाल ईवीएम मशीन को अनलॉक करने वाले ओटीपी को जनरेट करने के लिए किया गया था, जिसका इस्तेमाल 4 जून को नेस्को सेंटर के अंदर किया गया था। वनराई पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ निरीक्षक रामपियारे राजभर ने मिड-डे से बात करते हुए कहा, हमने मोबाइल फोन को फोरेंसिक के पास भेज दिया है, जो कॉल रिकॉर्ड की जांच करेगा। हम यह भी जांच कर रहे हैं कि क्या मोबाइल फोन का इस्तेमाल किसी अन्य कारण से किया गया था। हमने अन्य उम्मीदवारों के बयान दर्ज किए हैं और आरोपी मंगेश पांडेलकर और दिनेश गुरव को नोटिस भेजा है। उन्हें जांच के लिए पुलिस स्टेशन आना होगा। वे अभी हमारे साथ सहयोग करते दिख रहे हैं, अगर यह रुका तो हम गिरफ्तारी वारंट जारी करेंगे। प्यूर्टो रिको के हालिया प्राथमिक चुनावों में हुई गड़बड़ी के बाद एलन मस्क ने ईवीएम की हैकिंग को लेकर चिंता जाहिर की।

## मोदी सहयोगियों के बूते पीएम बने



कोयंबटूर। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने कहा कि लोकसभा चुनाव में 'इंडिया' गठबंधन का प्रदर्शन ऐतिहासिक रहा क्योंकि लोगों ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को अपने बलबूते सरकार बनाने के लिए निर्णायक जनादेश से वंचित कर दिया। उन्होंने यहां कहा कि नरेन्द्र मोदी संसद में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की ताकत (बहुमत) के कारण नहीं बल्कि मुख्यमंत्रियों-- एन चंद्रबाबू नायडू और नीतीश कुमार के समर्थन के बल पर ही प्रधानमंत्री बन पाये। उन्होंने कहा कि यह मोदी की 'हार' है क्योंकि उन्हें सरकार बनाने के लिए सहयोगियों पर निर्भर होना पड़ा। द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के अध्यक्ष स्टालिन ने यहां मुप्पेरूम विझा (तिहारा जश्न) के मौके पर कहा, '' यदि चंद्रबाबू नायडू और नीतीश कुमार का समर्थन नहीं होगा तो भाजपा कहां होगी।'' यह कार्यक्रम तमिलनाडु में द्रमुक नीत गठबंधन द्वारा सभी 39 सीट तथा पुडुचेरी की एक मात्र सीट जीतने की खुशी, द्रमुक के कद्दावर दिवंगत नेता एवं मुख्यमंत्री करुणानिधि के शताब्दी समारोह के समापन तथा तमिलनाडु में 'इंडिया' गठबंधन की शानदार जीत में अग्रणी भूमिका निभाने पर स्टालिन के अभिनंदन के लिए आयोजित किया गया था।

## जून में सामान्य से दोगुना अधिक चली हीटवेव

नई दिल्ली। भीषण गर्मी और लू के थपेड़ों से समूचा उत्तर भारत परेशान है। आसमान से आग बरसाती धूप, झुलसा देने वाली लू और हर दिन चढ़ते हुए तापमान ने लोगों का जीना मुहाल कर रखा है। चिलचिलाती धूप और भीषण गर्मी के कारण कई लोगों ने अपनी जान गवां दी। IMD के डेटा से पता चलता है कि मध्य भारत और खासकर ओडिशा लगातार 27 दिनों से लू की चपेट में है। यहां की जनता गर्मी से बुरी तरह त्रस्त हो चुकी है। किसी राज्य में सबसे लंबे समय तक लू चलने का रिकॉर्ड ओडिशा के नाम पर बन चुका है। जहां ओडिशा अपने इस रिकार्ड के साथ सबसे ज्यादा गर्म दिनों का सामना करने वाले राज्य में सबसे ऊपर बना हुआ है तो वहीं कई राज्य इस लिस्ट में शामिल हैं।

## नोएडा पुलिस ने चार दिन के लिए धारा 144 लागू की



नोएडा। उत्तर प्रदेश में गौतमबुद्धनगर पुलिस ने बकरीद और ज्येष्ठ गंगा दशहरा के मद्देनजर रविवार से बुधवार तक नोएडा और ग्रेटर नोएडा में अपराध प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा 144 के तहत निषेधाज्ञा लागू रहेगी। पुलिस के एक अधिकारी ने शनिवार को बताया कि त्योहार के दौरान शांति और सद्भाव बनाए रखने के लिए निषेधाज्ञा लागू की जा रही है। गंगा दशहरा रविवार को मनाया गया जबकि बकरीद सोमवार को है। पुलिस के आदेश के अनुसार, बिना विशेष अनुमित के सार्वजनिक स्थानों पर सार्वजनिक प्रार्थना, पूजा, जुलूस और अन्य धार्मिक आयोजन पूरी तरह से प्रतिबंधित हैं। अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (कानून और व्यवस्था) हिरदेश कठेरिया ने कहा, असामाजिक तत्वों से लोक व्यवस्था को संभावित खतरे के मद्देनजर, इस संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता है कि ऐसे व्यक्ति शांति भंग कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि इसके मद्देनजर धारा 144 गौतमबुद्धनगर आयुक्तालय में 16 से 19 जून तक लागू रहेगी।


# हमें एक ट्यूटोरियल चलाने में खुशी होगी



नई दिल्ली। टेस्ला और स्पेसएक्स के प्रमुख एलन मस्क ने शनिवार को इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों (ईवीएम) को खत्म करने की बात कही, जिसका अब पूर्व केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने विरोध किया है। दरअसल, शनिवार को सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर मस्क ने एक ट्वीट किया था, जिसमें उन्होंने इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों (ईवीएम) के हैक होने की संभावित कमज़ोरियों के बारे में चिंता जताई थी। अपने ट्वीट में मस्क ने लिखा, हमें इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों को खत्म कर देना चाहिए। मनुष्यों या एआई द्वारा हैक किए जाने का जोखिम, हालांकि छोटा है, फिर भी बहुत अधिक है। मस्क की टिप्पणी पर अब पूर्व केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने प्रतिक्रिया दी है। एक्स पर मस्क के ट्वीट का जवाब देते हुए चंद्रशेखर ने लिखा, यह बहुत बड़ा व्यापक सामान्यीकरण कथन है जिसका अर्थ है कि कोई भी सुरक्षित डिजिटल हार्डवेयर नहीं बना सकता, गलत। उन्होंने आगे लिखा कि कोई कनेक्टिविटी नहीं, कोई ब्लूटूथ नहीं, वाईफ़ाई नहीं, इंटरनेट नहीं; कोई रास्ता नहीं है। फ़ैक्टरी-प्रोग्राम किए गए नियंत्रक जिन्हें फिर से प्रोग्राम नहीं किया जा सकता। इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों को ठीक उसी तरह से डिज़ाइन और बनाया जा सकता है जैसा कि भारत ने किया है। हमें एक ट्यूटोरियल चलाने में खुशी होगी, एलन।चुनावों में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों (ईवीएम) का इस्तेमाल हमेशा विवादों में रहा है। प्यूर्टो रिको के हालिया प्राथमिक चुनावों में हुई गड़बड़ी ने इस विवाद को और बढ़ा दिया है। अनजान लोगों को बता दें, प्यूर्टो रिको में हाल ही में प्राथमिक चुनाव हुए, जो ईवीएम से जुड़ी कई अनियमितताओं से ग्रस्त थे। हालाँकि, पेपर ट्रेल की मदद से चुनाव अधिकारियों को वोटों की संख्या की सही पहचान करने में मदद मिली। पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति जॉन एफ कैनेडी के भतीजे और 2024 के अमेरिकी चुनावों के लिए एक स्वतंत्र उम्मीदवार रॉबर्ट एफ कैनेडी जूनियर ने मुद्दे पर ट्वीट करते हुए लिखा, एसोसिएटेड प्रेस के अनुसार, प्यूर्टो रिको के प्राथमिक चुनावों में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों से संबंधित सैकड़ों मतदान अनियमितताएँ देखी गईं।

**टेस्ला और स्पेसएक्स के प्रमुख एलन मस्क की टिप्पणी पर अब पूर्व केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने प्रतिक्रिया दी है। एक्स पर मस्क के ट्वीट का जवाब देते हुए चंद्रशेखर ने लिखा, %यह बहुत बड़ा व्यापक सामान्यीकरण कथन है जिसका अर्थ है कि कोई भी सुरक्षित डिजिटल हार्डवेयर नहीं बना सकता, गलत।**

## नीट परीक्षा विवादः कपिल सिब्बल ने सुप्रीमकोर्ट की ओर से नियुक्त अधिकारियों से जांच कराने की मांग की



नयी दिल्ली। मेडिकल कॉलेज में दाखिले के लिए आयोजित की जाने वाली राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) को लेकर जारी विवाद के बीच पूर्व मानव संसाधन विकास मंत्री कपिल सिब्बल ने रविवार को अनियमितताओं के आरोपों की जांच उच्चतम न्यायालय द्वारा नियुक्त अधिकारियों से कराने की मांग की और सरकार से आग्रह किया कि वह परीक्षा आयोजित करने के तौर तरीकों को लेकर सभी राज्यों के साथ गहन विचार-विमर्श करे। एक साक्षात्कार में राज्यसभा सदस्य सिब्बल ने इस मुद्दे पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर भी निशाना साधा और कहा कि अगर किसी परीक्षा में परीक्षा तंत्र ही भ्रष्ट हो जाए तो ''प्रधानमंत्री के लिए चुप्पी साधना ठीक नहीं है।'' सिब्बल ने सभी राजनीतिक दलों से आगामी संसद सत्र में इस मामले को जोर-शोर से उठाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि इस पर चर्चा होने की उम्मीद कम है क्योंकि सरकार इस मामले के न्यायालय में विचाराधीन होने का हवाला देकर इसकी अनुमति नहीं देगी। सिब्बल 29 मई 2009 से 29 अक्टूबर 2012 तक मानव संसाधन विकास (अब शिक्षा विभाग) मंत्री थे। उन्होंने कहा, ''राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने वास्तव में धांधली की है और डॉक्टर बनने के लिए आयोजित की जाने वाली जैसी परीक्षा के प्रश्नपत्रों को पहले ही मुहैया कराने के भ्रष्ट आचरण को मीडिया संस्थानों ने उजागर किया है।'' उन्होंने कहा, ''गुजरात की कुछ घटनाओं से मैं हैरान हूं और ये राष्ट्रीय के लिए चिंता का विषय हैं। मुझे लगता है कि एनटीए को इन गंभीर सवालों का जवाब देना चाहिए।'' सिब्बल ने कहा कि इससे भी ज्यादा आश्चर्यजनक और निराशाजनक बात यह है कि जब भी ऐसा कुछ होता है और वर्तमान सरकार में भ्रष्टाचार होता है तो ''अंधभक्त'' इसके लिए संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) को दोषी ठहराना शुरू कर देते हैं और यह सबसे दुर्भाग्यपूर्ण है क्योंकि इस तरह के बयान देने से पहले वे पूरी तरह से जानकारी ही नहीं जुटाते हैं। उन्होंने रेखांकित किया कि नीट विनियमन वर्ष 2010 में भारतीय चिकित्सा परिषद (एमसीआई) द्वारा इसके निदेशक मंडल के माध्यम से पेश किया गया था और एमसीआई स्वास्थ्य मंत्रालय के अधीन था, न कि शिक्षा मंत्रालय के अधीन। सिब्बल ने कहा, ''इसलिए मानव संसाधन विकास मंत्री के रूप में मेरा इससे कोई ताल्लुक नहीं था। एमसीआई के निदेशक मंडल ने एक विनियमन पेश किया, जिसमें कहा गया था कि एमबीबीएस पाठ्यक्रम में प्रवेश पाने वाले छात्रों के लिए एक राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा होनी चाहिए।

## थाना पिलखुवा पुलिस ने त्वरित कार्यवाही करते हुए अल्प समय में बीयर की दुकान में चोरी करने वाले अभियुक्त को किया गिरफ्तार



हापुड़ संवाददाता मुदिस्सीर अली
हापुड़ पुलिस द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम एवं चोरों/वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के अन्तर्गत थाना पिलखुवा पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए थाने के भादवि में वांछित अभियुक्त को एनएच-9 लाखन अण्डरपास के पास से गिरफ्तार किया गया है जिसके कब्जे से चोरी की गई 48,800/- रुपये नकदी बरामद हुई है एवं अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता अक्षय उर्फ गोलू पुत्र प्रदीप निवासी ग्राम छिजारसी थाना पिलखुवा जनपद हापुड़ गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम 1. उ0नि0 सत्येन्द्र कुमार . है0का0 270 राहुल कुमार

## शादी का झांसा देकर दुष्कर्म, गर्भवती होने पर कराया गर्भपात, फोटो वायरल होने पर सदमे में मां की मौत




संवाददाता मुदिस्सीर अली मेरठ के भावनपुर थाना क्षेत्र में युवती को शादी का झांसा देकर दुष्कर्म और ब्लैकमेलिंग का शिकार बनाया गया और जबरन गर्भपात कराया। पीड़िता के फोटो वायरल कर दिए गए। इससे पीड़िता की मां की सदमे से मौत हो गई। पीड़िता ने शनिवार को एसएसपी दफ्तर पहुंचकर मामले की शिकायत की है भावनपुर क्षेत्र की रहने वाली युवती ने बताया कि उसके ताऊ के बेटे की शादी हापुड़ के धौलाना क्षेत्र में हुई है। युवती का कहना है कि वहीं के रहने वाले एक युवक ने सोशल मीडिया पर युवती से दोस्ती कर ली। इसके बाद अक्सर आरोपी पीड़िता के घर आने-जाने लगा। युवक ने शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म किया और उसके अश्लील फोटो खींच लिए। फोटो वायरल करने की धमकी देकर आरोपी अक्सर युवती से दुष्कर्म करता रहा। इस बीच गर्भवती होने पर आरोपी ने युवती का गर्भपात भी करा दिया। आरोपी की हरकतों से तंग आकर पीड़िता ने युवक से मिलना छोड़ दिया। जिस पर युवक ने उसके अश्लील फोटो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिए। अश्लील फोटो देखकर सदमे में आई युवती की मां की मौत हो गई। पीड़िता का कहना है कि अब भी आरोपी उसे लगातार परेशान कर रहा है। उधर, एसएसपी रोहित सिंह सजवाण ने इस मामले में सीओ सदर देहात को जांच और कार्रवाई के आदेश दिए हैं

## जालिम पत्नी: हाथ-पैर बांधकर पति का प्राइवेट पार्ट काटने को दौड़ी, पीड़ित ने रोते हुए पुलिस को बताई आपबीती




संवाददाता मुदिस्सीर अली मेरठ के लोहियानगर के रहने वाले युवक की शादी ज्वालापुर हरिद्वार की रहने वाली लड़की से छह साल पहले हुई थी। पति ने थाने पहुंचकर पत्नी पर हत्या की धमकी देने का आरोप लगाया है। आरोप है कि पत्नी ने पति के हाथ-पैर बांधे और उसके प्राइवेट पार्ट को काटने की कोशिश की। पत्नी ने धमकी दी कि अगर उसकी बात नहीं मानी, उसके मायके में जाकर घरजमाई बनकर नहीं रहा तो वह प्राइवेट पार्ट काट देगी। रोते हुए पीड़ित पति ने पूरी बात पुलिस को बताई। पत्नी और ससुराल वालों के खिलाफ तहरीर देकर मुकदमा दर्ज करने की मांग की।

जानकारी के मुताबिक, पीड़ित ने बताया कि वह जाहिदपुर बुढेरा का रहने वाला है। उसकी शादी ज्वालापुर हरिद्वार की रहने वाली लड़की से छह साल पहले हुई थी। उसका परिवार यहां मेरठ में रहता है, लेकिन वो काम के सिलसिले में अक्सर असम में रहता है। माता-पिता से झगड़ा करने लगी तो वो घर छोड़ गए युवक ने लोहियानगर थाने में पत्नी, सास, ससुर, साला, साली के खिलाफ तहरीर दी है पीड़ित ने बताया कि पत्नी उस पर जुल्म ढहाती है। वो मेरे बुजुर्ग माता-पिता से झगड़ा करती है। इसलिए मेरे माता, पिता, भाई मेरा घर छोड़कर अलग रहने लगे हैं। लेकिन, अब भी पत्नी मुझसे खुश नहीं है। वो चाहती है कि मैं मेरठ छोड़कर ज्वालापुर में उसके घर जाकर रहूं। मेरे ससुराल वाले, साला, साली और पत्नी बार-बार मुझ पर घरजमाई बन कर रहने का दबाव बना रहे हैं। पंचायत ने उसे समझाया और किसी तरह सुलह कराई। इसके बाद भी वो नहीं सुधरी। पति ने पुलिस को रिकार्डिंग और सबूत भी सौंपी है, जिसमें पत्नी धमकी दे रही है। उधर, सीओ कोतवाली आशुतोष कुमार का कहना है कि थाना प्रभारी को जांच कर कारवाई के आदेश दिए

## ट्रेन की चपेट में आने से तीन युवकों की मौत, जांच में जुटी पुलिस; परिजनों में मचा कोहराम




संवाददाता मुदिस्सीर अली लोनी बार्डर थाना क्षेत्र के नहर रेलवे अंडरपास के पास दिल्ली से सहारनपुर जा रही ट्रेन की चपेट में आने से तीन युवकों की मौत हो गई है। सुबह करीब छह बजे हादसा हुआ। मौके पर पहुंची रेलवे पुलिस व थाना लोनी बार्डर पुलिस मामले की जांच में जुटी है। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है मृतकों की पहचान आसिफ पुत्र अनीश, उम्र करीब 25 वर्ष निवासी ग्राम निवाड़ा थाना कोतवाली बागपत, गुड्डू पुत्र हरपाल सिंह, उम्र करीब 20 वर्ष निवासी गली नंबर 13 चौकी संगम विहार थाना लोनी बॉर्डर, देवेश पुत्र वीरपाल, उम्र करीब 25 वर्ष निवासी दादरी ग्रेटर नोएडा के रूप में हुई है मृतक गुड्डू की मां गुड्डो देवी ने बताया कि देवेश उनका दामाद है। गुड्डू और देवेश एक साथ ऑटो चलाते हैं। आज सुबह करीब चार बजे इन लोगों ने ऑटो को एक पार्किंग में खड़ा किया था और बताया था कि अपने एक दोस्त के पास जा रहे हैं, जिसका नाम गुड्डो देवी नहीं जानती हैं। अन्य जानकारी की जा रही है

## थाना सिम्भावली पुलिस ने करीब डेढ़ माह पूर्व ग्राम दत्तियाना में घर में घुसकर मारपीट झगड़ा करने की घटना में फरार/वांछित चल रहे 10 हजार रुपये के पुरस्कार घोषित अभियुक्त को किया गिरफ्तार



हापुड़ संवाददाता मुदिस्सीर अली
हापुड पुलिस द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम एवं वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के अन्तर्गत थाना सिम्भावली पुलिस द्वारा थाने के भादवि में फरार/वांछित चल रहे 10 हजार रुपये के पुरस्कार घोषित अभियुक्त को दत्तियाना पार्क के पास से गिरफ्तार किया गया है जिसके कब्जे से अवैध असलहा बरामद हुआ है उपरोक्त गिरफ्तारी/बरामदगी के सम्बन्ध में थाना सिम्भावली पुलिस द्वारा अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता वरूण पुत्र राकेश निवासी ग्राम पुठी थाना परिक्षितगढ जनपद मेरठफ्तार करने वाली पुलिस टीम 1. उ0नि0 विकेश कुमार थाना सिम्भावली जनपद हापुड . उ0नि0 सौराज सिंह . उ0नि0 मुनेन्द्र कुमार 4. का0 523 दिनेश कुमार

## ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस-वे पर भीषण हादसा, कैंटर में ट्रक ने मारी टक्कर, चार लोगों की मौत, 24 घायल



संवाददाता मुदिस्सीर अली गाजियाबाद के मुरादनगर इस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेस वे पर रेवडी रेवड़ा गांव के पास रात दो बजे भीषण सड़क हादसा हो गया। खड़े कैंटर में पीछे से आ रहे ट्रक ने टक्कर मार दी। हादसे में चार लोगों की मौत हो गई है और करीब 24 लोग घायल हैं। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है नकारी के मुताबिक, आईसर कैंटर गन्नौर हरियाणा भट्टे से हरदोई (यूपी) जा रहा था, इस गाड़ी में कुल 37 लोग सवार थे, इनमें महिला और बच्चे भी शामिल हैं। पेरीफेरल हाईवे के किनारे गांव रेवाड़ी रेवड़ा गांव के पास बाई तरफ चालक गाड़ी खड़ा करके लघुशंका कर रहा था। पीछे बागपत की तरफ से ट्रक ने सामने खड़ी आयशर कैंटर में टक्कर मार दी आयसर कैंटर में सवार चार लोगों की मौत हो गई मृतकों की पहचान इरसाद उम्र 20 वर्ष पुत्र ईश्वर, नाजुमन उम्र 60 वर्ष पत्नी ईश्वर, सबीना उम्र 21 वर्ष पत्नी नौशाद, माया देवी उम्र 40 वर्ष पत्नी महेंद्र सिंह के रूप में हुई है, सभी मृतक गांव मझला कुमरूआ थाना मझला जनपद हरदोई के हैं, जिनकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घायलों को तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया। घायलों का इलाज संजयनगर और जीटीवी दिल्ली में चल रहा है, घायल खतरे से बाहर हैं। यह सब भट्टे पर काम करने वाले लोग हैं घायलों की सूची निम्न प्रकार है (1) शंकर उम्र 70 वर्ष पुत्र नन्हे हरदोई (2) सुनहरा उम्र 20 वर्ष पुत्री इरसाद हरदोई (3) महेंद्र उम्र 48 वर्ष पुत्र शंकर हरदोई (4) रुचि उम्र 16 वर्ष पुत्री महेंद्र हरदोई (5) हास्नूर उम्र 3 वर्ष पुत्र इरफान हरदोई (6) रूबी उम्र 22 वर्ष पत्नी इरफान हरदोई (7) शबनुर उम्र 5 वर्ष पुत्र इरफान हरदोई (8) सुलेमान 28 वर्ष पुत्र ताहिर शाहजहां (9) शाहिद 22 वर्ष पुत्र ताहर शाहजहांपुर (10) शाद मोहम्मद 34 वर्ष पुत्र फतेह शेर शाहजहांपुर (11) खुशनुमा 22 वर्ष पुत्री आबिद शाहजहांपुर (12) फलकनूर 03 वर्ष पुत्री सोनू शाहजहांपुर (13) अयान 05 वर्ष पुत्र सोनू शाहजहांपुर (14) फैजान 01 वर्ष पुत्र सोनू शाहजहांपुर (15) चुन्नू 30 वर्ष पुत्र इरशाद शाहजहांपुर (16) रासना 25 वर्ष पुत्री शाहिद शाहजहांपुर (17) अंसिका 12 वर्ष पुत्री याकूब शाहजहांपुर (18) नन्ही 35 वर्ष पत्नी याकूब शाहजहांपुर (19) चांद बाबू 01वर्ष पुत्र याकूब शाहजहांपुर (20) सुनैनी उम्र 08 वर्ष पुत्री याकूब शाहजहांपुर (21) गुफरान 04 वर्ष पुत्र छन्नू शाहजहांपुर (22) खुर्शीद उम्र 35 वर्ष पत्नी चिन्नू शाहजहांपुर (23)फलक उम्र 3 वर्ष पुत्री इरशाद शाहजहांपुर (24) शान मोहम्मद उमर 13 वर्ष पुत्र चिन्नू शाहजहांपुर

## ट्रैकिंग के लिए उत्तराखंड गईं थीं नोएडा की छह युवतियां, चार की गई जान; एक का पता नहीं




उत्तराखंड के रूद्रप्रयाग में टेंपो ट्रैवेलर के अलकनंदा नदी में गिरने से नोएडा निवासी पांच युवतियों की भी मौत हो गई है। जबकि एक अन्य युवती अंजलि के बारे में अभी पता नहीं चला है। सभी युवतियां नोएडा के सेक्टर-51 में किराये पर रहती थीं। सभी एक ग्रुप के साथ उत्तराखंड ट्रैकिंग करने गईं थीं। हालांकि इस घटना की आधिकारिक जानकारी नोएडा पुलिस को देर शाम तक नहीं मिली है। इस हादसे की सूचना के बाद सेक्टर-51 के मकान में सन्नाटा पसरा है सेक्टर-51 के ए-50 में एक किराये के मकान में रहने वाली वंदना शर्मा, कुमारी शुभम, निकिता, स्मृति और मोहिनी अलग अलग निजी कंपनियों में काम करती थीं। पांचों डाटा एनालिसिस से जुड़ा काम करती थी। मकान के केयर टेकर ने बताया कि युवतियां शुक्रवार रात आठ बजे बिल्डिंग से निकली थी इनके साथ अंजलि नामक युवती भी कैब से निकली थी। यहां से किसी दूसरी जगह पर जाकर वहां से टेंपो ट्रैवेलर से एक साथ उत्तराखंड के लिए निकली थी। हालांकि इनमें से किसी ने भी बिल्डिंग के केयरटेकर को कोई जानकारी नहीं दी थी शनिवार दोपहर बाद जब इस घटना की सूचना बिल्डिंग में रहने वाली अन्य लड़कियों को मिली। जिसके बाद केयर टेकर को इसकी सूचना दी। केयर टेकर की तरफ से बताया गया कि सभी छह युवतियां तीन माह से अधिक समय से रहती थीं बिल्डिंग में रहने वाली अन्य लड़कियों के साथ इनके अच्छे संबंध थे। इस घटना के बाद से बिल्डिंग में सन्नाटा पसरा है। सभी लोग इस घटना से जुड़ी जानकारी प्राप्त करने में लगे रहे। हादसे में अंजलि को छोड़कर सभी पांच की मौत हो गई वहीं इस घटना से स्थानीय पुलिस अनभिज्ञ है। कोतवाली सेक्टर-49 के प्रभारी निरीक्षक के मुताबिक इस मामले में उन्हें कोई जानकारी नहीं है। इस तरह की कोई सूचना किसी एजेंसी या पुलिस से नहीं मिली है नदी में गिरा टैंपो ट्रैवलर, 14 की मौत, 12 घायल ऋषिकेश-बदरीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग पर रुद्रप्रयाग के पास रैंतोली में दर्दनाक हादसा हुआ। यहां एक टेंपो ट्रैवलर बेकाबू होकर सड़क किनारे बने पैराफिट को तोड़ते हुए 250 मीटर नीचे अलकनंदा नदी के किनारे जा गिरा। इस हादसे में 14 लोगों की मौत हो गई, इसमें से 10 लोगों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया था। दो की जिला चिकित्सालय रुद्रप्रयाग और दो की मौत एम्स ऋषिकेश में हुई है हादसे में 12 लोग घायल हैं, इनमें सात का जिला चिकित्सालय में इलाज चल रहा है, जबकि पांच एम्स में भर्ती हैं। हादसे का कारण वाहन चालक को झपकी आना बताया जा रहा है। वाहन में उत्तर प्रदेश, हरियाणा, दिल्ली, मध्यप्रदेश, उत्तराखंड और गुजरात निवासी कुल 23 यात्री और दो ड्राइवर और एक हेल्पर था, इनमें से अधिकांश नींद में थे जानकारी के मुताबिक शुक्रवार देर रात को नई दिल्ली से अलग-अलग जगह के 23 युवाओं का दल चोपता-तुंगनाथ-चंद्रशिला ट्रैकिंग के लिए

नोएडा संवाददाता। मुदिस्सीर अली

रवाना हुआ था। शनिवार सुबह लगभग 11.30 बजे ऋषिकेश-बदरीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग पर वाहन रुद्रप्रयाग के समीप रैंतोली में अनियंत्रित होकर सड़क किनारे बने आरसी पैराफिट को तोड़कर अलकनंदा नदी के किनारे जा गिरा हादसे की सूचना पर प्रशासन, पुलिस, जिला आपदा प्रबंधन, एसडीआरएफ की टीमें मौके पर पहुंचीं और रेस्क्यू में जुट गईं। मौके से दस लोगों के शव बरामद हुए, जबकि अन्य 16 घायलों को लगभग दो घंटे की मशक्कत के बाद रेस्क्यू कर गहरी खाई से निकालकर सड़क तक लाया गया। इसके बाद सभी को जिला चिकित्सालय पहुंचाया गया। इनमें से सात को गंभीर हालत के चलते केदारनाथ यात्रा में संचालित हेलिकॉप्टर से एम्स ऋषिकेश रेफर किया गया जहां, दो की मौत हो गई। इधर, जिला चिकित्सालय में भर्ती घायलों में से दो ने दम तोड़ दिया। डीएम डॉ.सौरभ गहरवार, एसपी डॉ. विशाखा अशोक भदाणे के नेतृत्व में घायलों का यथाशीघ्र उपचार दिलाया गया और कम से कम समय में गंभीर घायलों को हायर सेंटर रेफर किया गया इनकी हुई मौत स्मृति शर्मा (28) सोनभद्र यूपी, मोहनी पांडे (27) प्रतापगढ़ यूपी, करन सिंह (वाहन चालक) अलीगढ़, हाल गुड़गांव। निकिता भट्ट, खटीमा उत्तराखंड, गुरुकीरत सिंह, आकांक्षा, झांसी यूपी, स्मृति त्रिपाठी, अंजलि श्रीवास्तव, निकेत सुनील शर्मा, गुजरात, बृजेश बिष्ट उत्तराखंड, देव दिल्ली। जिला अस्पताल रुद्रप्रयाग में इलाज के दौरान दम तोड़ने वाले दो और ऋषिकेश एम्स में दम तोड़ने वाले एक युवा की पहचान नहीं हो पाई ये हुए घायल वंदना शर्मा (30) नोएडा, यूपी, महिमा त्रिपाठी (23) यूपी, कुमारी शुभम सिंह (27) नोएडा, यूपी, नमिता शर्मा (30) यूपी, लक्ष्य अग्रवाल (22) मथुरा, यूपी, अमित (27) एमपी, शशांक हल्द्वानी, उत्तराखंड जिला चिकित्सालय रुद्रप्रयाग में भर्ती हैं। वहीं, धर्मेन्द्र कुमार (23) दिल्ली, सौनिक (24) सोनीपत, हरियाणा, आदित्य (25) मथुरा, यूपी, छवि, झांसी यूपी, अभिषेक ऋषिकेश एम्स में भर्ती हैं

## जनपद में सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ रखने तथा कानून एवं शान्ति व्यवस्था बनाए रखने हेतु समस्त क्षेत्राधिकारियों एवं थाना प्रभारियों द्वारा अपने अपने सर्किल/थाना क्षेत्रों में पैदल गश्त कर स्थानीय लोगों को सुरक्षा का एहसास कराया तथा संदिग्ध व्यक्ति/वाहनो की चेकिंग की गयी

हापुड़ संवाददाता मुदिस्सीर अली अवगत कराना है कि जनपद में कानून एवं शान्ति व्यवस्था बनाए रखने, सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ रखने तथा यातायात व्यवस्था सुचारु रखने हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हापुड़ अभिषेक वर्मा के निर्देशन में समस्त क्षेत्राधिकारियों एवं थाना प्रभारियों द्वारा अपने-अपने सर्किल व थाना क्षेत्रों के बाजारों, मुख्य चौराहों/मार्गों, भीड़-भाड़ एवं संवेदनशील स्थानों आदि पर पैदल गश्त करते हुए स्थानीय लोगों को सुरक्षा का एहसास कराया तथा आमजन से वार्ता कर उनकी समस्यों के बारे में जानकारी की गयी तथा सुरक्षा संबंधी सुझावों का आदान प्रदान किया गया तथा अन्यावश्यक रूप से खड़े/घूम रहे व्यक्तियों से पूछताछ करते हुए चेकिंग की गयी। साथ ही ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों को भ्रमणशील रहकर लगातार पैट्रोलिंग करते रहने तथा सतर्कतापूर्वक ड्यूटी करने हेतु निर्देशित किया गया। जनपदीय पुलिस द्वारा अपने अपने थाना क्षेत्रों में स्थित निर्धारित स्थानों, हाइवे, अंतरजनपदीय/अन्तर्राज्यीय बॉर्डर पर बैरियर लगाकर संदिग्ध व्यक्ति/वाहनों की सघन चेकिंग की जा रही है तथा यातायात नियमों का पालन न करने वालों के विरुद्ध विधिक कार्यवाही की जा रही है

## थाना हाफिजपुर पुलिस ने चैकिंग के दौरान एक शातिर अभियुक्त को किया गिरफ्तार, जिसके कब्जे से अवैध असलहा बरामद




हापुड़ संवाददाता मुदिस्सीर अली
हापुड़ पुलिस द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम एवं आपराधिक घटनाओं पर अंकुश लगाये जाने हेतु चलाए जा रहे अभियान के अन्तर्गत थाना हाफिजपुर पुलिस द्वारा चैकिंग के दौरान एक शातिर अभियुक्त को चितौली अडरपास के पास से गिरफ्तार किया गया है, जिसके कब्जे से अवैध असलहा बरामद हुआ है उपरोक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना हाफिजपुर पर अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता शाकिब पुत्र यामीन निवासी मोती कॉलोनी थाना हापुड़ नगर जनपद हापुड़। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम 1. उ0नि0 प्रदीप कुमार थाना हाफिजपुर जनपद हापुड 2. का0 989 रुपेन्द्र सिंह 3. का0 106 विक्रान्त तोमर

## महाकलश यात्रा के साथ शुरू हुआ 51 कुंडीय महायज्ञ का आयोजन



कुठौंद (जालौन)। ग्राम गिगौरा में हुई माता मंदिर पर 51 कुंडी महायज्ञ का आयोजन प्रारंभ हो गया। इसके पूर्व रविवार को कलश यात्रा निकाली गयी जो ग्राम गिगौरा से लेकर सिरसा कलार, खोड़न, जरगांव होते हुए भूरी माता मंदिर गिगौरा पहुंचे। इस आयोजन में परीक्षित का दायित्व निर्वाहन कर रहे सुरेश सिंह भदौरिया एवं अभिलाषी तथा कथावाचक पंडित अंकुश महाराज (औरैया) के द्वारा भागवत कथा ज्ञान का अनुसरण किया जाएगा और इस महायज्ञ में महामंडलेश्वर श्री श्री 1008 रामदास महाराज महंत सरकार, श्री श्री 1008 महंत निर्भय दास दूधाधारी महाराज, कलश यात्रा में रथ, घोड़ा बैंडबाजा के साथ सैकड़ों की तादाद में श्रद्धालुओं ने भाग लिया और इतनी भीड़ को संभालने के लिए पुलिस विभाग की तरफसे थानाध्यक्ष ब्रजेश बहादुर सिंह कथा क्षेत्राधिकारी रामसिंह यादव मय पुलिस बल के साथ सुरक्षा की दृष्टि गत रखते हुए यात्रा में मुस्तैद रहे। ग्राम विगोरा की ग्रामवासी तथा समस्त क्षेत्रवासी ग्राम प्रधान हेमलता सिंह चौहान, रोजगार सेवक दीपू सिंह चौहान, अनिल सिंह जिला पंचायत सदस्य सहित कई सभ्रांत लोग कलश यात्रा में मौजूद रहे।

# सदर एसडीएम ने कोटरा में लगे हैंडपंपों की जमीनी हकीकत देखी

### 62 हैंडपंप, 10 वाटर कूलर संचालित मिले, तीन हैंडपंप कम पानी देते मिले

उरई (जालौन)। जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडेय के संज्ञान में कोटरा नगर पंचायत में बड़ी संख्या में लगे हैंडपंपों के खराब होने का आया तो उन्होंने सदर उप जिलाधिकारी ने शनिवार को कोटरा पहुंचकर कस्बा में लगे हैंडपंपों की जमीनी हकीकत परखी तो वहां पर 62 हैंडपंप पानी देते मिले जबकि 3 हैंडपंपों में वाटर लेविल कम होने की वजह से पानी कम देते मिले साथ ही कस्बे में लगाये गये 10 वाटर कूलरों में ठंडा पानी मिला। जनता की समस्याओं को लेकर गंभीर रहकर छोटी से लेकर बड़ी समस्या जैसे ही जिलाधिकारी के संज्ञान में पहुंचती है तो वह




उसका तत्काल लेकर जमीनी हकीकत जानने का प्रयास करते हैं। ऐसा ही मामला दो दिन पूर्व जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडेय के संज्ञान में आया कि जनपद के अंतिम कोने में बसे नगर पंचायत कोटरा में लगे हैंडपंप बड़ी संख्या में खराब हैं जिससे वहां के लोगों को पानी के संकट से जूझना पड़ रहा है। जबकि इससे पूर्व जिलाधिकारी सभी नगरीय निकायों को सख्त निर्देश जारी कर चुके थे कि उनके क्षेत्र में भीषण गर्मी में कहीं भी पानी की समस्या न होने पाये। इसके बाद डीएम ने सदर उप जिलाधिकारी सुरेश कुमार पाल को नगर पंचायत कोटरा में लगे हैंडपंपों की जमीनी हकीकत परखने के निर्देश दिये थे। शनिवार को एसडीएम ने कस्बा कोटरा में पहुंचकर विभिन्न स्थानों पर लगे एक के बाद एक हैंडपंपों का स्थलीय निरीक्षण किया जिसमें 62 हैंडपंपों पूरी तरह से पानी देने मिले जबकि 3 हैंडपंप कम पानी देते मिले। नगरवासियों की सुविधा के मद्देनजर नगर पंचायत द्वारा विभिन्न स्थानों पर दस वाटर कूलर भी लगाये गये थे वह सभी चालू हालत में मिले। इस दौरान सदर उप जिलाधिकारी सुरेश कुमार पाल के साथ नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी, थानाध्यक्ष वरुण कुमार, वरिष्ठ लिपिक राधाबल्लभ चतुर्वेदी, वैभव तपा, राजीव अग्रवाल मौजूद रहे।

## नगर पालिका की लापरवाही से चौबीस घंटे विद्युत पोलों पर स्ट्रीट लाइटें

### 0 ईओ बोले चेंजओवर लगवाकर दिन में बंद करायेंगे स्ट्रीट लाइटें

कालपी (जालौन)। प्रशासन के निर्देश के बाद भी नगर पालिका की स्ट्रीट लाइटें दिन में बंद नहीं हो रही है जिससे विद्युत ऊर्जा का दुरुपयोग हो रहा है।

प्रदेश सरकार ने विद्युत की खपत कम करने के लिए नलकूपों सरकारी कार्यालयों तथा आम आदमी के लिए भी सूर्य घर बिजली योजना लेकर आ रही है इसके साथ ही क्षेत्र में सोलर ऊर्जा प्लांट लगवा रही है। जिसमें नलकूपों में सोलर ऊर्जा प्लांट लगाने को लेकर किसानों को छूट भी दी जा रही है और घरों में भी सोलर ऊर्जा प्लांट लगाने के लिए सरकार के द्वारा अलग से छूट दी जा रही है लेकिन फिर भी विद्युत की खपत कम नहीं हो रही है इसको लेकर शासन ने जिला प्रशासन को कड़े निर्देश दिए थे कि नगर क्षेत्रों में रोशनी के लिए स्ट्रीट लाइट लगी हुई है वह दिन में बंद की जाए लेकिन इसके बाद भी शासन के निर्देश का अनुपालन नही हुआ है जिसमें विद्युत का दुरुपयोग हो रहा है। साथ बैठक करके निर्देश दिए थे इस संबंध में अधिशाषी अधिकारी अवनीश कुमार शुक्ला का कहना है कि नगर के कई मोहल्ले में विद्युत विभाग के ठेकेदार के द्वारा नई केबिल डाली गई है इसीलिए अभी तक कई मोहल्ले में चेंजओवर नहीं लग पाए हैं जिससे खंबों पर लाइटें जल रही है बहुत जल्दी ही, बोर्ड की बैठक में प्रस्ताव पारित करके नगर में चेंजओवर लगवाए जाएंगे जिससे लाईटें बंद की जा सके।

## संचार माध्यमों से जुड़कर जीवन का उन्नति के पथ पर ले जाएं:नेहा




जालौन (उरई)। प्रदेश सरकार युवाओं को तकनीकी रूप से सशक्त करने के लिए छात्रों को स्मार्टफोन एवं टैबलेट का वितरण कर रही है। छात्र, छात्राएं शैक्षिक उन्नयन के लिए इन स्मार्टफोन का प्रयोग करें। यह बात सेठ वीरेंद्र कुमार महाविद्यालय में मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्षा ने एमए व एमएससी के छात्रों को निशुल्क स्मार्टफोन का वितरण करते हुए कही। स्मार्टफोन पाकर छात्रों के चेहरे खिल उठे। सेठ वीरेंद्र कुमार महाविद्यालय में प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के अंतर्गत स्मार्टफोन वितरण का कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्षा नेहा पुनीत मित्तल द्वारा मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि ने कहा कि आज संचार प्रणाली का युग है। जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में संचार साधनों का विकास हुआ है। इन संचार माध्यमों से जुड़कर जीवन का उन्नति के पथ पर ले जाएं। प्रदेश सरकार युवाओं को तकनीकी रूप से सशक्त करने के लिए छात्रों को स्मार्टफोन एवं टैबलेट का वितरण कर रही है। छात्र, छात्राएं शैक्षिक उन्नयन के लिए इन स्मार्टफोन का प्रयोग करें। कहा कि छात्र, छात्राएं स्मार्टफोन के माध्यम से प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर आगे बढ़ सकते हैं। प्रदेश सरकार ने स्मार्टफोन के माध्यम से शैक्षिक योजनाओं से लाभांवित होने का संदेश दिया है। छात्र इसका लाभ उठाएं। इस दौरान 298 छात्रों को स्मार्टफोन का वितरण किया गया। इस मौके पर अवधेश दीक्षित, डॉ. अवनीश दीक्षित, डॉ. सचिन अवस्थी, चंद्रभान मिश्रा, नीरेंद्र नायक, गोपालजी खेमरिया, विनीत मिश्रा, राजकुमार याज्ञिक, विनय दीक्षित, मनीष याज्ञिक, चंद्रभान सिंह सेंगर, गिरजाशरण आदि मौजूद रहे।

## सड़क किनारे मिली मौरम, गिट्टी व्यापारियों से वसूला 30 हजार का जुर्माना




कालपी (जालौन)। नगर पालिका प्रशासन सड़क किनारे पड़ी बालू गिट्टी पर सख्त हो गई है। शनिवार पालिका ने अभियान चलाकर बड़ी मात्रा में मौरम, गिट्टी जब्त की है। इस दौरान जुर्माना भी लगाया गया है। विदित हो कि नगर के मुख्य बाजार में बडी संख्या में भवन निर्माण सामग्री के बिक्रेता है जो सड़क किनारे वालू गिट्टी का ढेर लगाए है जिससे आम आदमी को परेशानी होती है साथ ही सडक तक फैली मौरम, गिट्टी की वजह से दुर्घटनाएं तो होती ही है साथ ही जैम भी लग रहा था लेकिन पालिका ने इस समस्या का संज्ञान ले लिया है और शनिवार शाम अधिशाषी अधिकारी अवनीश कुमार शुक्ला एवं नायब तहसीलदार नीलमणि के नेतृत्व में अभियान चलाया गया इस दौरान नगर पालिका के कर्मचारियों के द्वारा पूजा ट्रेडर्स, गोसाई ट्रेडर्स के अन्य चार दुकानों के सामने सरकारी जमीन पर पड़ी बालू गिट्टी के अवैध ढेरों को नगर पालिका के द्वारा सीज किया गया। इस दौरान नगर पालिका के राजस्व निरीक्षक राम भुवन सिंह ने चार दुकानों से 30 हजार का जुर्माना वसूल किया। वहीं नगर पालिका के अधिशाषी अधिकारी अवनीश शुक्ला का कहना है सड़क के किनारे डले हुए अवैध बालू गिट्टी के ढेरों को किसी भी सूरत में नहीं डालने दिया जाएगा जो ढेर अवैध पाए जाएंगे उनको सीज कर कार्यवाही की जाएगी।

## भतीजे को बचाने आए चाचा की पिटाई करने के दौरान हुई मौत

### झरैला में घटना घटित होने के बाद परिजन सदमे में डूबे

रामपुरा (जालौन)। थाना क्षेत्र के ग्राम झरैला में भतीजे को बचाने आए चाचा की लाठी डंडे से मारपीट कर घायल कर दिया, जिससे जमीन पर गिर गया। गांव वालों व परिजनों ने माधौगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों ने मारपीट कर हत्या करने का आरोप लगाया। रामपुरा थाना क्षेत्र के गांव झरैला में बने प्राथमिक विद्यालय में बृहस्पति की रात को ताले तोड़कर लेपटोप की चोर चोरी कर ले गए। उस विद्यालय में बिमला रसोइया ने अध्यापकों को सूचना दी थी। अध्यापकों ने पढ़ने वाले छात्र छात्राओं के पिता आदेश कोरी, प्रेम सिंह, रबि व सर्वेश आदि को बुलाकर लेपटोप लाने के



लिए कहा था इन लोगों को लगा कि रसोइया बिमला ने नाम लिए है। शनिवार की सुबह बिमला देवी व पुत्र गोलू दरवाजे पर बैठे थे तभी चारों आरोपी आदेश कोरी प्रेमसिह रबि व सर्वेश लाठी लेकर आ गए और बिमला देवी व गोलू के साथ गाली-गलौज करने लगे तभी चाचा प्रताप सिंह उर्फ लल्लू कोरी 55 बीच बचाव करने के लिए पहुंच गए और फिर गाली-गलौज होने लगी तभी लाठी डंडा लगने से जमीन पर गिर गया गांव वाले व परिजनों ने आनन फानन में माधौगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया जहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर मृत्यु की खबर सुन घर में कोहराम मच गया। थाना पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना प्रभारी योगेन्द्र पटेल का कहना है कि मृतक के शरीर पर किसी तरह के चोट के निशान नहीं है पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

## बहू को लिवाने आये ससुराल पक्ष पर हमला बोला लड़की पक्ष ने

### 0 अधिवक्ता के नोटिस के बाद बहू की विदा कराने पहुंचे थे लोग 0 ससुराल पक्ष को फंसाने की साजिश रची भाई व उसकी मां ने 0 मामला सदर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला उमरारखेरा का

उरई (जालौन)। शनिवार की देर शाम बहू को लिवाने आये ससुरालीजनों पर लड़की पक्ष के लोग देखते ही आग बबूल हो गये और फिर उन्होंने ससुरालीपक्ष के लोगों पर न केवल हमला बोल दिया बल्कि गाली गलौज करते हुये मुकदमे में फंसाने की धमकी दे डाली। पूरा मामला सदर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला उमरारखेरा का बताया जा रहा है। हैरानी की बात तो यह है कि लड़की पक्ष ने आनन फानन में पहले बस स्टैंड पुलिस चौकी और बाद में महिला थाने में प्रार्थना पत्र दे दिया।

सदर कोतवाली पुलिस को दिये गए प्रार्थना पत्र में वरिष्ठ पत्रकार सुरेश खरकया ने बताया कि वह उरई नगर के मोहल्ला नया पटेल नगर निवासी है 15 जून की शाम वह अपने साले जयहिंद की पत्नी रमणी पुत्री स्व. विनोद कुमार को लिवाने मोहल्ला उमरारखेरा अपने मित्रों व रिश्तेदारों के साथ पहुंचे थे। जहां जैसे ही लड़की पक्ष के लोगों ने सभी लोगों को देखा तो वह आग बबूल हो गये और उल्टा दोषारोपण करते हुये भला बुरा कहते हुये गाली गलौज पर उतर आये जब उनका इतने से भी मन नहीं भरा तो उन्होंने मारपीट कर घर से भाग जाने व मुकदमे में फंसाने की धमकी दे डाली इतना ही नहीं लड़की पक्ष के लोगों ने जब देखा शादी के मध्यस्थ रहे सुरेश गौतम व मैं अपने साथियों के साथ वापस लौट आया और मौके पर पत्नी उषा व सहलज को अकेला पाकर आयुष, रमणी व उसकी मां अनीता सहित दो अन्य लोगों ने घेरकर बाल पकड़कर जमीन पर पटक दिया और मारपीट कर दी। आयुष ने छोटी सहलज के कपड़े फाड़ने का भी प्रयास कियी। तभी मौके पर मौजूद राजेश द्विवेदी व अधिवक्ता नरेंद्र तिवारी ने बीच बचाव किया और तीनों महिलाओं को घर ले आये। घर आते समय रमणी व उसकी मां ने चिल्लाते हुये फर्जी मामले में फंसाने की धमकियां देती रही। वरिष्ठ पत्रकार सुरेश खरकया ने कोतवाली पुलिस को यह भी बताया कि उनके साले जयहिंद की शादी 13 फरवरी 2024 को हुई थी। लेकिन शादी के बाद भी वह अपने मित्र अश्वनी उर्फ विक्की निवासी झांसी रोड के साथ बातचीत कर उसके साथ ही रहने ही धमकियां देती रहती थी जिससे शादी के मध्यस्थ रहे सुरेश गौतम व अन्य रिश्तेदारों की मौजूदगी में रमणी को मय जेवरात के साथ मायके भेज दिया था बाद में जब जयहिंद उसे कई बार लिवाने गया उस दौरान उसकी मां व उसका भाई आयुष टालमटोल करता रहता था।

## डीएम, एसपी ने ईदगाह का निरीक्षण कर दिये सफाई के निर्देश

जालौन (उरई)। डीएम व एसपी ने नगर में ईदगाह का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने ईदगाह के आसपास साफ सफाई की व्यवस्था कराने के निर्देश भी दिए। डीएम राजेश पांडेय व एसपी डॉ. ईरज राजा ने बकरीद के पर्व को लेकर तकिया मैदान के पास स्थित ईदगाह व बड़ी ईदगाह का निरीक्षण किया। पैदल भ्रमण कर ईदगाह तक पहुंचे डीएम व एसपी ने कहा कि बकरीद की नमाज शांतिपूर्वक अदा करें। कुर्बानी में खास ध्यान रखें कि किसी भी प्रकार से प्रतिबंधित जानवर की कुर्बानी न हो। कुर्बानी के फोटो सोशल मीडिया पर अपलोड न करें। साथ ही त्योहार के दौरान किसी भी प्रकार से शांतिभंग करने की कोशिश न करें। उन्होंने इस दौरान पालिका कर्मचारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि बकरीद के पर्व पर ईदगाह व आसपास साफसफाई व्यवस्था सही रखें। लोगों को रास्ते में आने जाने में दिक्कत न हो इसका भी ध्यान रखें।

## खेत पर बकरी चराने गये वृद्ध किसान का शव खेत में पड़ा मिला

जालौन (उरई)। अधिक गर्मी के चलते खेत पर बकरी चराने गए वृद्ध की मौत हो गई। आसपास किसानों ने जब वृद्ध का शव देखा तो परिजनों और पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। एसडीएम ने कारण स्पष्ट होने पर स्थिति के अनुसार आर्थिक मुआवजा दिलाने का आश्वासन परिजनों को दिया है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम छिरिया सलेमपुर निवासी किसान इस्लाम पुत्र रमजानी (55) रविवार की सुबह घर से बकरियां चलाने के लिए खेत पर गए थे। दोपहर करीब दो बजे उनका शव खेत पर पड़ा



मिला। आसपास खेत पर काम कर रहे लोगों ने जब उनके शव को खेत पर पड़ा देखा तो परिजनों और पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही मौके पर परिजन पहुंच गए। परिजनों के अलावा प्रधान प्रतिनिधि आशीष तिवारी, छिरिया चौकी प्रभारी राजकुमार पांडेय व नायब तहसीलदार मुकेश कुमार भी मौके पर पहुंच गए। जहां परिजनों ने अत्यधिक गर्मी और लू लगने से वृद्ध की मौत होने की बात कही। एसडीएम ने परिजनों को आश्वासन दिया कि वृद्ध का पोस्टमॉर्टम कराएं। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में मृत्यु का कारण स्पष्ट होने पर उन्हें कृषक दुर्घटना कल्याण योजना अथवा दैवीय आपदा के तहत मुआवजा दिलाया जाएगा।

# सम्पादकीय

## आया कयासों और अटकलों का दौर

सरकार तो चाहे न बदली हो, पर जी, वैसे बहुत कुछ बदल गया बताते हैं। नहीं जी नहीं, हम यह नहीं कह रहे कि अगर 'जय श्रीराम' के नारे की जगह 'जय जगन्नाथ' के नारे ने ले ली है तो बहुत कुछ बदल गया। पर बदलाव देख रहे लोग तो यहां तक कह रहे हैं जी कि खुद मोदीजी बदल गए। देखो उन्होंने अपने समर्थकों से कह दिया कि वे सोशल मीडिया के अपने अकाउंट्स से 'मोदी का परिवार' वाली लाइन हटा दें। उधर भागवतजी भी बड़े बदले-बदले से नजर आ रहे हैं। उनके उपदेश और नसीहतें शुरू हो गयी हैं। विघ्नसंतोषी इसे 'बदले-बदले से मेरे सरकार नजर आते हैंज' वाली तर्ज में देखने लगे हैं।सरकार के मुखिया कह रहे हैं कि मोदी का परिवार वाली लाइन हटाओ और संघ के मुखिया कह रहे कि व्यवहार में मर्यादा लाओ। परिवार का क्या होगा। खैर, जन्नत की हकीकत सबको मालूम है। वैसे बताते हैं कि पिछले दस वर्षों से संघ की भी वही हालत थी, जो विपक्ष की थी। संघ की हालत भी परिवार के उस बुजुर्ग की सी हो गयी थी, जिसकी खटिया किसी कोने खुदरे में डाल दी जाती है। सरकार ने दोनों का ही इकबाल छीन लिया था। लगता है अब दोनों को ही अपना इकबाल वापस मिल गया है। यह कुछ-कुछ वैसा ही है जैसे दो धुर विरोधियों का दैनिक राशिफल एक जैसा निकल आया हो।खैर, अच्छी बात यह है जी कि कयासों और अटकलों का दौर लौट आया है। सरकार बनेगी या नहीं बनेगी से शुरू हुआ यह दौर हफ्ते भर के भीतर-भीतर अब सरकार चलेगी या नहीं चलेगी तक तो पंहुच लिया है। इस हफ्ते भर में इतने कयास लगे कि चौबीस घंटे चलने वाले टीवी चैनलों को भी अफारा आ गया। भाई कैसे हजम करेंगे इतने कयासों और अटकलों को। कोई कह रहा है नीतीशजी ने रेल मांग ली। कोई कह रहा है नायडूजी ने लोकसभा का अध्यक्ष पद मांग लिया। कोई कह रहा है मोदीजी झुकेंगे नहीं। कोई कह रहा है कि नीतीशजी पलटेंगे तो जरूर फिर चाहे मोदीजी के पांव ही क्यों न छू रहे हों। कोई कह रहा है नीतीश के सांसदों ने विद्रोह कर दिया, कोई कह रहा है नायडू के सांसदों ने विद्रोह कर दिया।तृणमूल वाले कह रहे हैं कि जी तीन सांसद तो हमारे संपर्क में हैं। महाराष्ट्र वाले कभी शिंदे गुट में विद्रोह की खबर दे रहे हैं तो कभी अजीत पवार गुट में विद्रोह की खबर दे रहे हैं। कुल मिलाकर विद्रोह अब शाश्वत भाव है, जो अगले पांच साल तक रहने वाला है, अगर अगले पांच साल तक सरकार रही तो। ऐसे में मीडिया वालों के पास भी खबरों की कोई कमी नहीं रहेगी। पिछले दस साल से वे भी तो कुपोषण का ही शिकार थे।

# चुनावी 'घावों' पर दोस्ती का मरहम



अब चुनाव कटुता बढ़ाने लगे हैं। विरोधी की छवि बिगाड़ने की होड़ में जहर बुझे शब्द एक दूसरे को बाण की तरह चुभते हैं। नफरत के घाव दिखें भले ही नहीं, पर जल्दी भरते भी नहीं हैं। चुनाव अपने तयशुदा समय पर खत्म हो जाते हैं मगर इनसे उपजी दुश्मनी सालों साल चलती रहती है। कभी कभी नेता तो राजनीतिक स्वार्थवश दुश्मनी भुलाकर एक मंच पर आ जाते हैं। लेकिन, कार्यकर्ता नफरत की आग में झुलसते रहते हैं। चुनावी हिंसा इसी का नतीजा है जिसमें कई परिवार उजड़ जाते हैं। पब्लिक प्रॉपर्टी की बलि चढ़ती है सो अलग। ऐसे नफरत भरे माहौल में सब कुछ भुलाकर अगर कोई दोस्ती का हाथ बढ़ाता है तो वह समाज में उदाहरण बनता ही है... दिल को सुकून भी देता है। लोग कह उठते हैं- रात गई और बात गई। चुनावी कटुता को पाले रखने में फायदा कुछ ही नहीं...बस, घाटा ही घाटा है। संघ प्रमुख ने नफरत की राजनीति करने वालों को यही तो नसीहत दी है। चुनाव एक स्पर्धा है कोई युद्ध नहीं। ओडिशा में ऐसे ही दृश्य ने लोगों का मन मोह लिया।

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपनी भारी भरकम टीम के 15 मंत्रियों के साथ भुवनेश्वर में सजे सजाए मंच पर ही थे कि तभी नवीन पटनायक वहां पहुंच गए। नवीन बाबू को देखकर शायद ही कोई ऐसा नेता हो जो चौंका ना हो। कारण ओडिशा के चुनाव में नवीन पटनायक की बीजेडी और मोदी की बीजेपी मुख्य प्रतिद्वंद्वी थे। लोकसभा चुनाव के प्रचार में सारी मर्यादाएं तार तार होती रहीं। आरोप प्रत्यारोप का दौर भी खूब चला। बीजेपी ने भी नवीन बाबू और उनके तत्कालीन सहयोगी पांडियन पर ताबड़तोड़ आरोप जड़े। नवीन बाबू के स्वास्थ्य पर सवाल उठाते हुए बीमार साबित करने की कोशिशें हुईं। चूंकि ओडिशा में लोकसभा की 21 सीटों के साथ 147 सदस्यीय राज्य विधानसभा के चुनाव भी हो रहे थे।**

### हार कर भी हीरो बनने की कला

आज की सियासत में ऐसा दृश्य कम ही दिखाई देता है...जो ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन माझी की ताजपोशी में पूर्व मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने बीजेपी नेताओं की ओर दोस्ती का हाथ बढ़ाकर दिखा दिया। 12 जून को चौकीदार पुत्र मोहन माझी मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने वाले थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपनी भारी भरकम टीम के 15 मंत्रियों के साथ भुवनेश्वर में सजे सजाए मंच पर ही थे कि तभी नवीन पटनायक वहां पहुंच गए। नवीन बाबू को देखकर शायद ही कोई ऐसा नेता हो जो चौंका ना हो। कारण ओडिशा के चुनाव में नवीन पटनायक की बीजेडी और मोदी की बीजेपी मुख्य प्रतिद्वंद्वी थे। लोकसभा चुनाव के प्रचार में सारी मयार्दाएं तार तार होती रहीं। आरोप प्रत्यारोप का दौर भी खूब चला।

बीजेपी ने भी नवीन बाबू और उनके तत्कालीन सहयोगी पांडियन पर ताबड़तोड़ आरोप जड़े। नवीन बाबू के स्वास्थ्य पर सवाल उठाते हुए बीमार साबित करने की कोशिशें हुईं। चूंकि ओडिशा में लोकसभा की 21 सीटों के साथ 147 सदस्यीय राज्य विधानसभा के चुनाव भी हो रहे थे। इस कारण भी मुकाबला जंगी था। गरीबी, अराजकता, भ्रष्टाचार और प्रशासनिक अक्षमता के आरोप भी जड़े गए। कोई उम्मीद नहीं कर रहा था कि चुनावी कड़वाहट को अनदेखा कर नवीन बाबू शपथ ग्रहण समारोह में पहुंच जाएंगे। सबको झुठलाते हुए नवीन बाबू वहां पहुंचे और वहां उपस्थित मोदी एवं मोहन मांझी से तो मिले ही... केन्द्रीय मंत्रियों के पास जाकर उन्हें जीत की बधाई दी।

दरअसल आज ऐसे ही सियासत की जरूरत है। चुनाव खत्म तो चुनाव की रंजिश भी खत्म। इसके लिए दिल नवीन पटनायक जैसा चाहिए। गांधी परिवार तो अभी तक चुनावी मोड में ही है। 77 वर्षीय नवीन पटनायक लगातार 24 साल तक ओडिशा के मुख्यमंत्री रहे। इसके पहले उनके पिता बीजू पटनायक राज्य के दो टर्म तक सत्ता की बागडोर संभाले रहे। अनोखी बात यह है कि 24 साल में नवीन पटनायक ने अपने लिए सरकारी आवास ही नहीं लिया। जब नए मुख्यमंत्री के लिए सरकारी आवास खोजा जा रहा था तब यह पता चला कि नवीन बाबू 24 साल तक अपने निजी 'नवीन भवन' से ही सरकार का संचालन करते रहे। उन्होंने अपने लिए सरकारी आवास लिया ही नहीं। आज के नेता तो सरकारी आवास पर कब्जा जमाए रखने के लिए क्या क्या नहीं कर गुजरते। सियासत के गलियारों में अनेक रोचक किस्से कहे सुने जाते हैं। सही भी है- कुछ भी हो जाए, सरकारी आवास मिल जाए। नए सीएम भी चौकीदार के बेटे हैं। वे पहली बार जब विधायक बने तो भुवनेश्वर में फुटपाथ पर ही सो गए। रात में कोई अज्ञात व्यक्ति उनका मोबाइल चुरा ले गया। यह घटना जानकर फिलहाल कहा जा सकता है कि ओडिशा में सत्ता का हस्तांतरण सही हाथों में हुआ है।

### भाई हो तो ऐसा

आज के जमाने में भाई भाई में प्रेम के उदाहरण दुर्लभ हैं। कभी वैचारिक मतभेद तो कभी जायदाद का मोह भाइयों में दुश्मनी का कारण बनते हैं। विजयवाड़ा में भ्रातृ प्रेम का ऐसा उदाहरण मिला कि उपस्थित लोग भावुक हो उठे। अवसर था आंध्र के नए मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू के शपथ ग्रहण समारोह का। शपथ नायडू ने ली लेकिन वहां चर्चा दो लोगों की हो रही थी। एक- बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की और दूसरे थे जन सेना के मुखिया एवं आंध्र के नए डिप्टी सीएम पवन कल्याण। नायडू के साथ जन सेना प्रमुख ने भी डिप्टी सीएम की शपथ ली। सबसे मिलने के क्रम में बड़े भाई चिरंजीवी के पास पहुंचे तो झुक कर पैर छू लिए। चिरंजीवी ने भी भावुक होकर पवन को गले से लगा लिया।

सियासी मतभेदों के कारण पवन कल्याण की बड़े भाई चिरंजीवी से बनती नहीं है। विजयवाड़ा के मंच पर पता चला कि दोनों भाइयों मतभेद हैं मनभेद नहीं। तभी तो दोनों इतनी। आत्मीयता से मिले कि लोग भी हैरत में पड़ गए। दोनों भाई तमिल फिल्मों के सुपर स्टार हैं इसलिए भी प्रशंसकों की नजरें उन पर टिकी रहती हैं। भाजपा ने इस बार नायडू की अगुवाई वाली टीडीपी और तेलुगु स्टार पवन कल्याण की जन सेना के साथ गठबंधन में चुनाव लड़ा।

इस गठबंधन ने आंध्र प्रदेश विधानसभा चुनाव के साथ-साथ लोकसभा चुनाव में भी जीत हासिल की। आंध्र विधानसभा की कुल 175 सीटों में से 164 सीटें उन्हें मिली, जिनमें टीडीपी की 135 सीटें, जन सेना की 21 और भाजपा की 8 सीटें शामिल हैं। आंध्र से लोकसभा की 25 में से 21 सीटें गठबंधन ने जीतीं और मौजूदा वाईएसआर कांग्रेस पार्टी को सत्ता से बेदखल कर दिया।

### नीतीश कहीं नाराज तो नहीं

नीतीश ना विजयवाड़ा पहुंचे और ना भुवनेश्वर। उनका शपथ समारोह में नहीं पहुंचना खासी चर्चा का विषय बना रहा। जेडीयू नेता को लेकर यही संशय बना रहता है कि कहीं कोई नाराजगी तो नहीं। राजनीतिक गलियारों में यह सुगबुगाहट पहले से ही थी कि नीतीश बाबू मोदी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार में जेडीयू के कोटे से तीन मंत्री चाहते हैं- बने दो। ललन सिंह और रामनाथ ठाकुर। दिन गुजरते जा रहे। धड़कनें बढ़ती जा रहीं। बिहार को स्पेशल पैकेज पर मोदी ना हां बोले और ना ना। नतीजतन कयासों में शंका कुशंकाएं मुखर होती रहती हैं।

## आज का पंचांग :: 17 जून 2024, सोमवार

**मेष** (चु, चे, चो, ला, लि, लु, ले, लो, अ)
आपकी कार्यशैली में काफी सुधार हो सकता है। जीवनसाथी के साथ गम्भीर विषयों पर चर्चा कर सकते हैं। लोगों के साथ अपने सम्बन्ध अच्छे रखें। धन को लेकर परेशानियाँ दूर होंगी। जिसके कारण आपका मनोबल बढ़ा रहेगा। विवाह योग्य लड़कियों का विवाह तय हो सकता है।

**सिंह** (मा, मि, मु, मे, मो, टा, टि, टू, टे)
आज का दिन आपके लिये काफी शुभ रहेगा। आपके द्वारा लिये गये निर्णयों की लोग प्रशन्सा करेंगे। आईटी क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिये दिन अच्छा है। आप कुछ नया सीखने की कोशिश करेंगे, किन्तु आज आपको ऑनलाइन शॉपिंग के दौरान काफी सावधानी रखनी चाहिये। आप खानपान के काफी शौकीन हो सकते हैं।

**धनु** (ये, यो, भ, भि, भु, ध, फा, ढ, भे)
आज आप काफी अच्छे मूड में रहेंगे। रियल एस्टेट क्षेत्र से जुड़े लोगों को बड़ा लाभ हो सकता है। आप अपनी कार्यशैली को उन्नत करेंगे। आपके व्यवहार से लोग प्रसन्न रहने वाले हैं। व्यवसाय में विस्तार के लिये योजना बना सकते हैं। शाम के समय वाहन में कुछ खराबी आ सकती है।

**वृष** (इ, उ, ए, ओ, वा, वि, वु, वे, वो)
आज आप पहले से अच्छे मूड में रहेंगे। नौकरीपेशा लोग अपने काम को लेकर काफी निष्ठावान रहने वाले हैं। विवादित मामलों से आपको बचना चाहिये। दिनचर्या काफी व्यवस्थित रहेगी। आप आय के वैकल्पित स्रोतों पर भी काफी ध्यान देंगे। मित्रों का उत्तम सहयोग मिलेगा।

**कन्या** (टो, प, पि, पु, ष, ण, ठ, पे, पो)
दिन की शुरुआत अच्छी रहेगी। आप अपने काम को लेकर काफी आक्रामक रहेंगे। बोलचाल के दौरान अच्छे शब्दों का प्रयोग करें। बन्द पड़े कार्यों को शुरू करने में आप ध्यान दे सकते हैं। जीवनसाथी को आपसे कुछ शिकायत हो सकती है। परिजनों के साथ सम्वादहीनता न होने दें

**मकर** (भो, ज, जि, खि, खु, खे, खो, गा, गि)
यदि आप नौकरी में स्थान-परिवर्तन चाह रहे हैं, तो उसमें सफलता मिल सकती है। कार्यक्षेत्र में सहकर्मी मित्र आपकी काफी प्रशन्सा करेंगे। बेरोजगार लोगों के लिये दिन अच्छी सम्भावनाओं से भरा हुआ रहेगा। प्रेमी जन को प्रपोज करने के लिये भी दिन अच्छा है। व्यावसायिक उद्देश्य से यात्रा होने के योग बन रहे हैं।

**मिथुन** (का, कि, कु, घ, ङ, छ, के, को, ह)
करियर को लेकर आप कन्फ्यूज हो सकते हैं। कार्यक्षेत्र में अधिकारियों के साथ बहस हो सकती है। राजनीति से जुड़े लोगों के ऊपर काफी दबाव रहेगा। प्रेम सम्बन्धों को लेकर अति भावुक न हों। बहुत लम्बी योजना बनाने के बजाय वर्तमान पर ही ध्यान देना लाभकारी होगा

**तुला** (र, रि, रु, रे, रो, ता, ति, तु, ते)
आज आप बौद्धिक कार्यों में लगे रहेंगे। कूटनीतिक योग्यता के माध्यम से आप अपनी बातों से लोगों को प्रभावित कर पायेंगे। किसी बड़ी समस्या का आप समाधान निकाल सकते हैं। कार्यक्षेत्र में अपना प्रभाव मजबूत कर पायेंगे। तकनीक का प्रयोग सावधानी पूर्वक करें।

**कुम्भ** (गु, गे, गो, सा, सि, सु, से, सो, द)
आज आपको कुसंगति से बचना चाहिये। लोग आपके साथ धोखा कर सकते हैं। सेहत पर धन खर्च हो सकता है। लीवर के रोगियों को स्वास्थ्य समस्या हो सकती है। यात्रा के दौरान आपको कुछ परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। अनावश्यक कार्यों की तरफ आप ज्यादा आकर्षित हो सकते हैं। अपना समय बर्बाद न होने दें।

**कर्क** (हि, हु, हे, हो, डा, डि, डु, डे, डो)
आप कुछ स्वार्थी स्वभाव के हो सकते हैं। जिसके कारण आपकी छवि बिगड़ सकती है। किसी भी काम को बहुत जल्दबाजी में करना उचित नहीं होगा। उच्च शिक्षा ले रहे विद्यार्थियों के लिये दिन शुभ नहीं है। अपनी पढ़ाई को लेकर गम्भीर रहें। जॉब में सहकर्मियों के साथ आपको विवादों का सामना करना पड़ सकता है।

**वृश्चिक** (तो, ना, नि, नु, ने, नो, या, यि, यु)
आज आपका मन काम में नहीं लगेगा। अनावश्यक विचार आपको भ्रमित कर सकते हैं। धन का अपव्यय हो सकता है। खरीदारी और लेनदेन के दौरान सावधानी का परिचय दें। सन्तान को लेकर चिन्ता हो सकती है। आपको कार्यक्षेत्र में अतिरिक्त प्रयास करने होंगे।

**मीन** (दि, दु, थ, झ, ञ, दे, दो, च, चि)
आज आपका मन कुछ ठीक नहीं रहेगा। बुरी संगत के कारण आपको नुकसान हो सकता है। अपनी नौकरी को लेकर असन्तुष्ट हो सकते हैं। जिन लोगों को अल्सर और पाचन की समस्या है, वे अपना विशेष ध्यान रखें। प्रेम विवाह को लेकर जल्दबाजी करना फिलहाल उचित नहीं है।

विक्रमी सम्वत 2081, शाका 1946, ज्येष्ठ मास, शुक्ल पक्ष, आषाढ़ मास की प्रविष्टा 4, उत्तरायण, उत्तरगोल, ग्रीष्म ऋतु, तिथि एकादशी, नक्षत्र चित्रा दोपहर 1:51 तक तदनन्तर स्वाति, सूर्योदय 5:27 प्रातः, सूर्यास्त 7:30 सायं, राहुकाल प्रातः 7:30 से 9:00 तक



पंडित चंद्र कांत शुक्ला
ज्योतिषाचार्य

# ट्रैक्टर व आल्टो की टक्कर से सैफई की स्टाफ नर्स समेत तीन की सड़क दुर्घटना में मौत,

## अस्थि विसर्जन गंगा में करके बापस आते समय एटा में हुआ हादसा

लोकजन संदेश ब्यूरो
सैफई/इटावा

सैफई के मेडिकल यूनिवर्सिटी में कांट्रेक्ट पर नियुक्त स्टाफ नर्स पिंकी यादव समेत तीन लोगों की एटा में हुए सड़क हादसे में मौत हो गयी। जैसे ही ये सूचना मेडिकल यूनिवर्सिटी में मिली तो वहां शोक छा गया। सभी लोग आल्टो गाड़ी से गंगा में अस्थि विसर्जन करके वापस लौट रहे थे। 16 जून को जनपद एटा के थाना रिजोर क्षेत्रान्तर्गत ईशन नदी पुल के पास आल्टो गाड़ी से पिंकी यादव अपने पति व रिश्तेदारों के साथ अस्थि विसर्जन करके बापस लौट आ रही थी। तभी बस को ओवरटेक करते समय शिकोहाबाद की तरफ से आ रहे एक ट्रैक्टर से उनकी आल्टो गाड़ी भिड़ गयी जिससे गोविन्द पुत्र महाराज सिंह उम्र करीब 40 वर्ष, पिंकी पत्नी गोविन्द उम्र करीब 35 वर्ष, पिंकी की सास सरला देवी पत्नी महाराज सिंह उम्र करीब 60 वर्ष निवासीगण नेहरू पैलेस, शिकोहाबाद जनपद फिरोजाबाद, पुजारी गिरीश चंद्र पुत्र नामालूम उम्र करीब 45 वर्ष निवासी ढांडरी, सिरसागंज, व पुजारी की भांजी कु0 दया पुत्री राकेश उम्र करीब 16 वर्ष निवासी जगदीशपुरा, जिला आगरा घायल हो गये जिन्हें उपचार हेतु जिला चिकित्सालय भिजवाया गया, जहां चिकित्सकों द्वारा सास सरला, स्टाफ नर्स पिंकी यादव व पुजारी गिरीश को मृत घोषित कर दिया गया है। गोविंद की गंभीर हालात को देखते हुए उसे उच्च चिकित्सा हेतु आगरा रेफर कर दिया गया है। जहां कुशल चिकित्सकों की देख रेख में उसका इलाज चल रहा है।




# भारत विकास परिषद एवं ट्रस्टी पैथलॉजी के सँयुक्त तत्वाधान में निशुल्क हड्डी रोग जाँच शिविर

लोकजन संदेश ब्यूरो
जसवंतनगर/इटावा

रविवार आज भारत विकास परिषद मुख्य शाखा जसवंतनगर एवं ट्रस्टी पैथोलॉजी द्वारा सँयुक्त रूप से बस स्टैंड चौराहे पर नगर पालिका मार्केट में एक निशुल्क हड्डी के रोगों की जांच एवं उपचार का शिविर डॉ दीपक गुप्ता एमडी ऑर्थो पूजा ऑर्थो क्लिनिक के द्वारा लगाया गया।

इस शिविर का फीता काटकर भारत मां की फोटो पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन करके थाना प्रभारी निरीक्षक कपिल दुबे ने किया

इस शिविर में 60 से अधिक व्यक्तियों ने गठिया ,फैक्कर,कोहनी, कंधे या कुल्हे की हड्डी का सरकना, जोड़ों में दर्द, मांसपेशिओं में दर्द, खेल सम्बंधित चोट, स्पाइन टीबी, हड्डी टयूमर, साइटिका, रीढ़ की हड्डी में दर्द आदि अपनी हड्डी के रोगों की जांच करवाई। प्रख्यात हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉश दीपक गुप्ता ने बताया हड्डियों के बिना शरीर की कल्पना कर पाना भी मुश्किल है क्योंकि पूरा शरीर हड्डियों के ढांचे पर टिका हुआ है वर्तमान समय में कम उम्र के लोगों की हड्डियां भी कमजोर हो रही हैं । हड्डियों को मजबूत करने के लिए कैल्शियम विटामिन डी 3 एवं प्रोटीन से भरपूर चीजों का सेवन करें एवं अपनी क्षमता के अनुसार व्यायाम जरूर करें फल सब्जियां एवं हल्दी का दूध हड्डियों के लिए फायदेमंद होता है। रोज कम से कम 15 मिनट धूप में बैठे । मादक द्रव्यों से बचें और धूम्रपान न करें चाय एवं सॉफ्ट ड्रिंक से भी बचै।

शिविर को सफल बनाने में अध्यक्ष शिवकांत जैन सचिवअनुभव यादव ,संगठन सचिव डॉ स्वराज प्रकाश श्रीवास्तव,वित्त सचिव डॉ पुष्पेंद्र पुरवार, डॉ विमलेश यादव, बटेश्वरीदयाल प्रजापति, राजीव गुप्ता आदि का सहयोग रहा।





# चोरी करने वाले 02 अभियुक्तों को पुलिस द्वारा किया गया गिरफ्तार




लोकजन संदेश ब्यूरो
जसवंतनगर/इटावा

जसवंतनगर पुलिस कोअनीता पत्नी अजय कुमार निवासिनी विलाशपुर थाना जसवन्तनगर जनपद इटावा द्वारा थाना जसवन्तनगर पर लिखित तहरीरी सूचना दी गयी कि नीरज पुत्र शेर सिंह एवं शंकर पुत्र कमलेश द्वारा अनीता के घर में घुसकर उसके घर के पीतल के बर्तन एवं अन्य सामान चोरी कर लिया है, सूचना पर तत्काल थाना जसवन्तनगर पर मु0अ0सं0 123/2024 धारा 380/457 भादवि पंजीकृत किय गया था इसी क्रम में आज थाना थाना प्रभारी कपिल दुबे,उपनिरीक्षक इमरान फरीद द्वारा थाना जसवन्तनगर क्षेत्रान्तर्गत कचौरा बाईपास पर गस्त करते रेलवे पुल के पास से नीरज और शंकर निवासी विलासपुर को गिरफ्तार किया। साथ ही अभियुक्तों के कब्जे से 01 सिलाई मशीन, 01पीतल की परात, भगोना बेला गिलास कटोरी चम्मच आदि ग्रहस्ति का सामान बरामद कर मु0अ0सं0 123/2024 धारा 457/380/411 भादवि थाना जसवन्तनगर पर पंजीकृत किया गया।

# 17 जून को बड़े धूम धाम से मनाया जायेगा ईद उल अजहा का त्योहार

गुलजार अहमद

मैनपुरी। ईद उल अजहा दुनिया में सभी जगह बड़े अकीदत से मनाया जाने वाला बड़ा त्योहार है। भारत में यह त्योहार 17 जून को मनाया जाएगा। जिसके लिए बाजारों में खरीदारी और कुर्बानी के लिया जानवरो को खरीदारी के लिया बाजार रोशन है। इसी क्रम में होने वाली ईद की नमाज कुरावली में तीन धार्मिक स्थानों पर होनी है। प्रातः 7 बजे से मैनपुरी, भोगांव, बेवर, किशनी, करहल, घिरोर, कुरावली, बिछ्वां में ईद की नमाज ईदगाह मे पढ़ाई जाएगी। नमाज के बाद एक दूसरे से गले मिल अपने अपने गिले शिकवे दूर कर ईद की मुबारक बाद का सिलसिला शुरू हो जाएगा। जिसके बाद कुर्बानी का कार्यक्रम जगह जगह शुरू हो जाएगा। शाम आते आते एक दूसरे के घर दावत और मिलना मिलाना चलता रहेगा। सबके घरों में शीर और बढ़िया बढ़िया पकवान बनेंगे वही बच्चे पूरा लुफ्त उठाते हुए मजे करते दिखेंगे।

# बाबा लालपुरी की तपोस्थली पर लगा दशहरा मेला, सुरक्षा की द्रष्टि से पुलिस रही मुस्तैद

गुलजार अहमद

बिछ्वां/मैनपुरी। बिकासखंण्ड सुल्तानगंज क्षेत्र के काली नदी के किनारे गांव सांडा स्थिति बाबा लालपुरी की तपोस्थली पर विशाल दशहरा मेला लगा। जहां श्रद्धालुओं ने प्रसाद व नेजा चढ़ाकर मांगी मनौतियां व पूजा अर्चना की। मेला में सुरक्षा की द्रष्टि से थाना पुलिस मुस्तैद दिखाई दी। बताते चलें कि बिकासखंण्ड सुल्तानगंज क्षेत्र के गांव सांडा स्थिति बाबा लालपुरी की तपोस्थली पर वर्ष में चार बार मेला लगता है। जेठ की दशहरा को लगने वाला मेला विशाल होता है। इस मेले में पड़ोसी जनपदों एटा, इटावा, फर्रुखाबाद, कन्नौज, कानपुर, कासगंज, बरेली,आदि जनपदों से श्रद्धालु भारी संख्या में बाबा की तपोस्थली पर आकर नेजा व प्रसाद चढ़ाकर मनौतियां मांगी। मेले में बीते शनिवार की शाम से ही दुकानें सजनी शुरू हो गई थी। सुबह से ही भीषण गर्मी में भी श्रद्धालुओं का जोश कम नहीं हुआ। महिलाओं ने बच्चों का मुंडन व अन्नप्राशन भी बाबा के दरवार में कराया और घर परिवार की खुशहाली के लिए मनौतियां मांगी। महिलाओं, बढ़े, बूढ़े, बच्चों ने मेले का जमकर लुत्फ उठाया। महिलाओं ने मेले में मिट्टी व लकड़ी की बनी दैनिक उपयोग की वस्तुएं भी खरीदी। मेले में सुरक्षा की द्रष्टि से भारी पुलिस बल की व्यवस्था की गयी थी। थानाध्यक्ष अवनीश त्यागी मयफोर्स मेला में भ्रमणशील रहे।

# रसूखदारों ने पिता, पुत्रों को गाली-गलौज करते हुए की मारपीट, आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

गुलजार अहमद

बिछ्वां/मैनपुरी। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी एक युवक ने थाने में तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि वीते दो दिन पहले खेत में समर लगवाने की रंजिश को लेकर गांव निवासी रसूखदारों ने गाली-गलौज करते हुए मुझे व मेरे भाई तथा पुत्रों को गाली-गलौज करते हुए लाठी डंडे से मारपीट की।

थाना क्षेत्र के गांव इंन्नीखेड़ा निवासी हरिपाल सिंह पुत्र जागन सिंह ने थाने में तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि वीते दो दिन पहले मैंने अपने खेत में सरकारी समर लगावाई तो उसी की रंजिश को लेकर गांव निवासी रसूखदार रामवहादुर उर्फ झव्वू पुत्र जसवीर सिंह, राजीव कुमार पुत्र शिवपाल सिंह, शीलेंन्द्र पुत्र फूल सिंह व शैलेन्द्र पुत्र मुकेश सिंह गाली गलौज करने लगे। जब मैंने गाली गलौज का बिरोध किया तो उक्त लोगों ने एकराय होकर मुझे व मेरे पुत्रों रवि व सोंनू तथा मेरे भाई सुधीर कुमार को गाली-गलौज करते हुए लाठी डंडे से मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर मामले की छानवीन शुरू कर दी है।

# कुरावली पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान हूटर लगे वाहनों का किया चालान

गुलजार अहमद

कुरावली/मैनपुरी। पुलिस ने शासन के आदेशानुसार चेकिंग कर हूटर लगे वाहनों के चालान कर हूटर उखड़े। क्षेत्रधाकारी के नेतृत्व में थाना प्रभारी ने पुलिस बल के साथ चेकिंग अभियान को अंजाम दिया। इस दौरान सभी वाहनों को रोक रोक कर चेकिंग की गई और हूटर लगी गाड़ियों के हूटर उखाड़ कर चालान किए गए। बीते दिनों उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सख्त आदेश देते हुए पुलिस विभाग को निर्देशित किया कि किसी भी गाड़ी में हूटर लगा हो तो तुरंत चालान कर हूटर जप्त करने का काम करे। निर्देशों का पालन करते हुए कुरावली क्षेत्राधिकारी संजय वर्मा के नेतृत्व में थाना प्रभारी धर्मेंद्र सिंह चौहान ने उपनिरीक्षक रामदेव, रहीस पाल व पुलिस बल के साथ कुरावली हाई वे फिल्टर अंडर बायपास पर चेकिंग अभियान चलाया। जहा तीन चालान कर 8 के हूटर जप्त किए गए।

# बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर एवं भगवान बुद्ध की मूर्ति की हुई स्थापना

गुलजार अहमद

मैनपुरी। किशनी तहसील के ग्राम कमलनेर कुसमरा में भगवान बुद्ध एवं बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर की मूर्ति स्थापना हुई द्य पूजा, वंदना, सूत्रपाठ एवं धम्म सम्मेलन का भी आयोजन हुआ।बौद्ध धर्म भारत का पुराना धर्म है। इससे देश की एकता व अखंडता कायम रहेगी। भगवान बुद्ध ने अहिंसा का संदेश दिया है। जिस पर चलकर देश व समाज को विकास के पथ पर ले जाया जा सकता है। बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर के बताएं रास्ते पर पर चलने का संकल्प लिया डॉ. भीमराव अम्बेडकर भारत में सामाजिक समरसता के प्रतीक हैं उन्होंने देश में सभी वर्गों के लिए काम किया द्य स्त्री शिक्षा व भेदभाव रहित भारत की स्थापना के विचार को महत्व देते हुए संवैधानिक व्यवस्था की द्य इस अवसर पर वक्ताओं ने डॉक्टर भीमराव अंबेडकर द्वारा बताए गए रास्तों पर चलकर समाज में समरसता कायम करने के लिए काम करने का आह्वान किया। इस अवसर पर दलवीर सिंह आजाद विधानसभा महासचिव भीम आर्मी किशनी, कौशलेंद्र प्रताप सिंह, यतेंद्र ,शशिकपूर, संतोष,धर्मवीर , देशराज आदि सैकड़ों की तादाद में लोग मौजूद थे

# खबर का असर: अवैध खनन करते हुए जेसीबी मशीन व डंपर पुलिस ने पकड़े






लोकजन संदेश ब्यूरो

जसवन्तनगर/इटावा लोकजन संदेश में छपी खबर पर कुछ ही घण्टो में पुलिस प्रशासन खनन अधिकारी ने संज्ञान लेते हुए पुलिस ने खनन माफियाओं के खिलाफ अभियान चलाकर शनिवार की रात पुलिस ने छापेमारी की कार्रवाई करते हुए एक डंपर और जेसीबी मशीन को सीज किया है। तथा चार खनन माफिया भी पुलिस के हत्थे चढ़ गए हैं। बताते हैं कि बीती रात ग्रामीणों ने पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों को अवैध खनन की सूचना दीगई। तो पुलिस विभाग हरकत में आ गया और भारी संख्या में पुलिस बल ने थाना क्षेत्र के गाँव भीखनपुर में अवैध खनन माफिया का मिट्टी लदा डंपर ट्रक व मिट्टी खनन में लिप्त एक जेसीबी मशीन पुलिस की पकड़ में आ गई, इस दौरान खनन में लगे कुछ मजदूर भाग निकले। ग्रामीणों के अनुसार पुलिस की घेराबंदी नाकेबंदी की भनक मिलते ही अवैध खनन में लगे लगभग आधा दर्जन से ज्यादा ट्रैक्टर ट्रॉली सहित अंधेरे का लाभ उठाते हुए खेतों के रास्ते किसी अन्य मार्ग से भाग निकले, मौके पर एक जेसीबी मशीन व एक डंफर ट्रक अवैध मिट्टी खनन कर निकलते हुए पकड़ में आ गया। है थाना प्रभारी निरीक्षक कपिल दुबे ने बताया कि अवैध खनन की सूचना पुलिस को काफी दिनों से मिल रही थी पकड़े गए दोनों वाहन मोटर अधिनियम एक्ट के तहत सीज किए गए हैं। अवैध खनन में लिप्त चार लोगों में सुकेश, अमित, कन्हैया, और प्रियांशु के खिलाफ अवैध खनन करने के आरोप में गिरफ्तार कर मामला दर्ज कर लिया गया है अवैध खनन की सूचना रिपोर्ट संबंधित विभाग को दी गई है।

# जिला कार्यकारिणी की निगरानी में लेखपाल संघ का चुनाव संपन्न, देवेंद्र कुमार बने अध्यक्ष

गुलजार अहमद

मैनपुरी। उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ उप शाखा तहसील कुरावली का दृवार्षिक निर्वाचन आज जिला कार्यकारिणी की देखरेख में संपन्न कराया गया। सर्वसम्मत बहुमत के बाद निर्वाचित पदाधिकारी का सम्मान किया गया। जिला कार्यकारिणी के सदस्य लेखपाल सुमित कुमार व सत्यवीर सिंह की देखरेख में द्वितीय उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ का तहसील संघ का चुनाव संपन्न कराया गया। जिसमें देवेंद्र सिंह अध्यक्ष विपिन सिंह वरिष्ठ उपाध्यक्ष रेखा कनिष्ठ उपाध्यक्ष राकेश कुमार सचिव अभिषेक कुमार सचिव हिमांशु यादव कोषाध्यक्ष जितेंद्र कुमार लेखा परीक्षिक के पद पर बहुमत से निर्वाचित घोषित किए गए। कार्यक्रम में लेखपाल रजनेश पांडे के साथ राहुल पाठक के अलावा अन्य लोग मौजूद रहे।

# गर्मी से बेहाल चलो रारा ताल अभियान का शुभारंभ, पर्यटन स्थल का अवलोकन करने भारतीय पत्रकारों का दल हुआ रवाना

लोक जन सन्देश।

रुपईडीहा बहराइच,ज़की सिद्दीकी, रियाज़ अहमद। पड़ोसी देश नेपाल के कर्णाली प्रदेश सरकार द्वारा पर्यटन स्थलों के प्रचार प्रसार और भारतीय पर्यटकों को लुभाने के लिए %गर्मी से बेहाल चलो रारा ताल% अभियान चला रही है।कर्णाली प्रदेश के उद्योग पर्यटन वन तथा वातावरण मंत्रालय व नेपाल फ़ोटो पत्रकार महासंघ द्वारा भारतीय पत्रकारों एवं पर्यटन व्यवसाइयों के 9 सदस्यीय दल को सुर्खेत, दैलेख, कालीकोट होते हुये रारा ताल तक के पर्यटन स्थलों का भ्रमण करायेगा।रविवार की सुबह 10 बजे कर्णाली प्रदेश के पर्यटन विभाग से जुड़े अधिकारियों एवं पत्रकारों की टीम भारतीय पत्रकारों की अगुवानी करने पहुंची। शादाब हुसैन की अगुवाई में लगभग 9 सदस्यों का दल को फूल माला पहनकर स्वागत किया गया।इसके बाद भारतीय दल पर्यटन स्थलों के भ्रमण करने के लिये रवाना हो गया। इस अवसर पर कर्णाली पर्यटन विभाग के प्रमुख राम बहादुर बुढा, पर्यटन प्रवर्धन मंच बांके के संयोजक कृष्ण प्रसाद श्रेष्ठ,फोटो पत्रकार महासंघ के केंद्रीय अध्यक्ष हरिप्रसाद रेग्मी,सागर श्रेष्ठ,सचिव हरिसिंह राठौर,मनराज सिमखड़ा, नेपालगंज के पत्रकार सिराज खान मोहम्मद आरिफ अंसारी बहराइच के अजीम मिर्जा शादाब हुसैन आनंद प्रकाश गुप्ता, केके सक्सेना,रजा इमाम रिजवी आदि उपस्थित रहे।

# भागवत कथा का भक्तों ने लिया आनंद



बांदा-शहर के सिविल लाइंस स्थित डा.नरेंद्र गुप्ता के आवास पर चल रही श्रीमद् भागवत कथा में तीसरे दिन कथा वाचक पं. उमाकांत त्रिवेदी ने ध्रुव चरित्र और शिव-पार्वती विवाह की कथा सुनाई। कथा वाचक ने कपिल अवतार ध्रुव चरित्र सृष्टि की रचना पर प्रकाश डालते हुए कहा कि, मनुष्य जीवन बार-बार नहीं मिलता। इसलिए इस कलयुग में दया, धर्म, भगवान के स्मरण से ही सारी योनियों को मनुष्य पार करता है। मनुष्य जीवन का महत्व समझाते हुए भगवान की भक्ति में अधिक से अधिक समय देना चाहिए। बताया कि भगवान विष्णु ने पांचवा अवतार कपिल मुनि के रुप में लिया। किसी भी काम को करने के लिए मन में विश्वास होना चाहिए तो कभी भी जीवन में असफल नहीं होंगे। जीवन को सफल बनाने के लिए कथा श्रवण करने से जन्मों का पाप कट जाता है। ध्रुव चरित्र की कथा का विस्तार से वर्णन किया। शिव-पार्वती विवाह का प्रसंग बताते हुए कहा कि, यह पवित्र संस्कार है। लेकिन आधुनिक समय में प्राणी संस्कारों से दूर भाग रहा है। जीव के बिना शरीर निरर्थक होता है, ऐसे ही संस्कारों के बिना जीवन का कोई मूल्य नहीं होता। भक्ति में दिखावा नहीं होना चाहिए। जब सती के विरह में भगवान शंकर की दशा दयनीय हो गई, सती ने भी संकल्प के अनुसार राजा हिमालय के घर पर्वतराज की पुत्री होने पर पार्वती के रुप में जन्म लिया। पार्वती जब बड़ी हुई तो हिमालय को उनकी शादी की चिंता सताने लगी। एक दिन देवर्षि नारद हिमालय के महल पहुंचे और पार्वती को देखकर उन्हें भगवान शिव के योग्य बताया। इसके बाद सारी प्रक्रिया शुरु तो हो गई, लेकिन शिव अब भी सती के विरह में ही रहे। ऐसे में शिव को पार्वती के प्रति अनुरक्त करने कामदेव को उनके पास भेजा गया, लेकिन वे भी शिव को विचलित नहीं कर सके और उनकी क्रोध की अग्नि में कामदेव भस्म हो गए। इसके बाद वे कैलाश पर्वत चले गए। तीन हजार सालों तक उन्होंने भगवान शिव को पाने के लिए तपस्या की। इसके बाद भगवान शिव का विवाह पार्वती के साथ हुआ। कथा स्थल पर भगवान शिव और माता पार्वती के पात्रों का विवाह कराया गया। विवाह में सारे बाराती बने और खुशिया मनाई। कथा में भूतों की टोली के साथ नाचते-गाते हुए शिवजी बारात आई। बारात का भक्तों ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। शिव-पार्वती की सचित्र झांकी सजाई गई। विधि-विधान पूर्वक विवाह सम्पन्न हुआ। महिलाओं ने मंगल गीत गाए और विवाह की रस्म पूरी हुई। महाआरती के बाद प्रसाद का वितरण किया गया। कथा में तीसरे दिन बड़ी संख्या में महिला-पुरुष कथा श्रवण करने पहुंचे। कथा श्रवण से पहले 21 जून तक कार्यक्रम होंगे।

# नवनिर्वाचित सांसद के जनपद आगमन पर हुआ स्वागत



बांदा-समाजवादी पार्टी की नवनिर्वाचित सांसदकृष्णा पटेल एवं पूर्व राज्य मंत्री शिवशंकर पटेल, पुत्र अंकित पटेल के साथ नगर आगमन पर, नगर अध्यक्ष निहाल खान ने अपनी बेगम रेशमा खातून के साथ अपने निजी आवास पर फूल माला केसाथ स्वागत किया। साथ में नीलम गुप्ता, किरण यादव एवं कार्यकर्ताओं से प्रथम मुलाकात के दौरान जनपद के नगर अध्यक्ष निहाल खान के आवास पर, मोहन साहू पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष, शमीम बांदवी पूर्व जिलाध्यक्ष के आवास पर व्यक्तिगत भेट में लगभग आधा सैकड़ा कार्यकर्ताओं का हुजूम रहा। समाजवादी पार्टी बांदा के नगर अध्यक्ष निहाल खान के वालिद रज्जन खान उर्फ़नेताजी ने बताया कृष्णा पटेल के विजयी होने के पश्चात प्रथम नगर आगमन पर कार्यकर्ताओं से भेंटकर धन्यवाद के रूप में सभी को प्रोत्साहित कर आगे भी राजनीतिक मुहिम की लड़ाई में तैयार रहने का संदेश दिया। नवनिर्वाचित सांसद कृष्णा पटेल ने अपने संसदीय क्षेत्र चित्रकूट बांदा 48 के द्वारा पूर्ण सहयोग कर जनाधार के साथ समर्थन देकर विजयी बनाया। क्षेत्र की जनता के द्वारा जो नैतिक जिम्मेदारियां दी गई हैं उनकी दी हुई कसौटी पर खरा उतरते हुए सामने उपस्थित समस्याओं पर विशेष ध्यान देते हुए निराकरण करने के पूर्ण प्रयास किए जाएंगे। कार्यक्रम में अच्छन भाई,सोहन यादव,मोहन यादव, बच्चा यादव के साथ अधिक मात्रा में कार्यकर्ता का दल देखा गया है।

# आल्हा फाइटर्स ने मुकाबले में मैच जीता



बांदा। राजकीय इण्टर कॉलेज मैदान में वीर आल्हा फाइटर्स एवं महाराजा खेत सिंह राइडर्स के बीच मैच खेला गया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए महाराजा खेत सिंह राइडर्स ने विदित त्रिपाठी की 55 रनों की आतिशी पारी के दम पर निर्धारित 15 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर 99 रन बनाए। वीर आल्हा फाइटर्स के गेंदबाज पोलार्ड ने 24 रन देकर दो विकेट तथा धोनी, अभिषेक, विनय ने क्रमश 1 -1 विकेट लिए। 100 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए वीर आल्हा फाइटर्स ने अभिषेक निषाद की 41 रन (26 गेंद) तथा विनय 16 रनों की पारी के दम पर लक्ष्य का पीछा 13.1 ओवर में छह विकेट से जीत हासिल कर ली। राजा खेत सिंह राइडर्स के गेंदबाज अभय शुक्ला ने दो विकेट प्राप्त किये। आज के मैच का मेन आफद मैच अभिषेक निषाद बने। इससे पहले मैच का शुभारम्भ रेलवे एवं सिंचाई विभाग के अधिकारी एवं वरिष्ठ खिलाडियों द्वारा खिलाडियों का परिचय प्राप्त कर किया गया। मैच में एम्पायर की भूमिका दुर्गेश भदौरिया एवं दीपक श्रीवास्तव एवं स्कोरिंग की भूमिका बबलू ने निभाई।

# आम चकरोड पर दबंगों ने किया कब्जा

बांदा-जनपद में भ्रष्टाचार के चलते गरीबों का हक व सुविधाएं लगातार छीनी जा रही हैं। गरीबों को न्याय मिलना एक सपना बन चुका है। उन्हीं विभागों में से एक पुलिस विभाग भी किसी से पीछे नहीं है। पुलिस विभाग भी व्यक्ति देखकर के काम करती है। यदि किसी व्यक्ति ने पैसा दे दिया तो विरोधी पार्टी चाहे जितना हाय तौबा करे कुछ होना वाला नहीं है। आए हुए प्रकरण में भूरी पत्नी शंकर और कुसमा पत्नी रामबाबू प्रजापति निवासीगण जखनी ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर न्याय की मांग की है। दिए गए शिकायती पत्र में बताया कि प्रार्थीगणों का रिहायशी मकान गांव की आबादी के किनारे सीसी रोड से लगा हुआ बना है। रिहायशी मकान का एक दरवाजा सीसी रोड में तथा दूसरा दरवाजा बगल से बने हुए खडंजा जो कि सरकारी मार्ग है, में खुलता है। सीसी रोड प्रार्थियागण के मकान के उत्तर में तथा सरकारी खड़ंजा मार्ग मकान के पूरब में लगा हुआ है। सरकारी खड़ंजा मार्ग सीसी रोड से मिला हुआ दक्षिण तरफलगभग 150 मीटर की लंबाई में है। उसके बाद कच्चा मार्ग दक्षिण तरफकाफी आगे तक जाता है। गांव के ही लखना, कामता, बिलोका, छोटा व राजू पुत्रगण बदलुआ पांच भाई हैं तथा विदेश पुत्र बिलोका के साथ मिलकर गिरोहबंद एक गुट बना रखा है। उन लोगों ने 8 जून को सरकारी खड़ंजा मार्ग में कब्जा करने की नीयत से पूरा खड़ंजा मार्ग कवर करते हुए उसके उत्तरी सिरे में लोहे का फाटक लगा लिया है और प्रार्थीगणों का निकास खड़ंजा मार्ग में बंद कर दिया है। खड़ंजा मार्ग के दक्षिण सिरे में भी फाटक लगाकर पूरा सरकारी खड़ंजा मार्ग अपने कब्जा में करना चाहते हैं। प्रार्थीगणों ने जब उन्हें फाटक लगाने से मना किया तो 8 जून को शाम 5 बजे भूरी पत्नी शंकर को फावड़े से मारा तथा उसके साथ-साथ कुसमा पत्नी रामबाबू को बुरी-बुरी गालियां दी। जिसकी एफआइआर 9 जून को थाना गिरवां में लिखायी तो पुलिस ने केवल चार आदमियों की रिपोर्ट लिखी और लखना व राजू का नाम नहीं लिखा। कामता व छोटा के पिता का नाम बदलुआ न लिखकर बिलोका लिख दिया। जबकि बिलोका उनका भाई है और बदलुआ उनका पिता है। स्थानीय पुलिस व खुरहंड चौकी पुलिस की मुल्जिमों से मिलीभगत के चलते दो मुल्जिमों का नाम छोड़ दिया गया तथा पुलिस ने सरेआम सरकारी खडंजा पर फाटक लगाकर कब्जा करने की खुली छूट दे दी। उसी खड़ंजा मार्ग में कई अन्य लोगों के भी मकान हैं। उन लोगों को धमकी देकर गांव से भगा दिया और उनका निकास भी बंद कर दिया तथा दक्षिण तरफ भी जल्दी-जल्दी फाटक लगाने का प्रयास कर रहे हैं। जबकि 9 जून को एफआइआर होने के बाद भी अभी तक दबंगों के खिलाफन तो किसी तरह की कार्यवाही हुयी है और न ही कब्जा किए हुए मार्ग से फाटक हटवाया गया है। पुलिस अधीक्षक से मांग की कि एसडीएम अतर्रा व थानाध्यक्ष गिरवां को मौके पर भेजकर दबंगों से मार्ग मुक्त कराया जाए और प्रार्थीगणों के रास्ते को खुलवाया जाए तथा हुयी एफआइआर पर शीघ्र अतिशीघ्र कार्यवाही की जाए।

# गर्मी में राहगीरों को पिलाया पानी



बांदा-रोडवेज बस स्टेशन के बाहर जल वितरण कैंप का आयोजन हुआ। रोटी बैंक ने पानी के पाउच वितरण कैम्प लगाया। रोडवेज़ डिपो में पदाधिकारियों, सदस्यों ने यात्रियों और राहगीरों को पानी पिलाने में सहयोग प्रदान किया। दिनभर रोटी बैंक के सदस्यों ने पाउचों का वितरण किया। चिलचिलाती धूप में पानी पाकर राहगीरों ने राहत महसूस की।

## तमंचा में युवक गिरफ्तार

बांदा-पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में थाना पैलानी पुलिस द्वारा गश्त एवं चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर थाना पैलानी क्षेत्र के ग्राम निवाईच से अमित द्विवेदी उर्फ नंगू पुत्र हनुमान द्विवेदी निवासी निवाईच को अवैध तमंचा व जिन्दा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से अवैध तमंचा व जिन्दा कारतूस बरामद हुआ है।

## हमलावरों पर की जाए सख्त कार्यवाही

बांदा-शहर कोतवाली अंतर्गत ग्राम पडुई निवासी महेश पुत्र प्रेमकुमार ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थनापत्र देकर जानलेवा हमला करने वाले लोगों के विरुद्ध कार्रवाई किए जाने की मांग की है। पीड़ित का आरोप है कि 7 जून को उसकी जमीन पर जबरन कब्जा कर रहे गांव के छेदीलाल, गोरी पत्नी कमलेश, कमलेश, भगवानदीन, शशि पुत्री छोटेलाल आदि आधा दर्जन लोगों को मना करने पर उन्होंने उस पर जानलेवा हमला किया। तहरीर के आधार पर मुकामी पुलिस ने सही रिपोर्ट दर्ज नहीं किया। अभियुक्तों पर अभी तक कोई कानूनी कार्यवाही भी नहीं की गई है जो खुलेआम जान माल की धमकियां दे रहे हैं। पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक से मांग की है कि उपरोक्त अपराधियों पर तत्काल कार्रवाई की जाए।

## उत्तर प्रदेशीय अपराध निरोधक समिति द्वारा रूपईडीहा में चलाया गया सदस्यता अभियान

लोक जन संदेश।

बहराइच ज़की सिद्दीकी, रियाज़ अहमद। उत्तर प्रदेशीय अपराध निरोधक समिति बहराइच के तत्वाधान में आज रुपईडीहा के राहुल पार्टी पैलेस में बड़ी संख्या में नागरिकों ने सदस्यता लेकर समाज में अपराध नियंत्रण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दिखाई है। समिति के पदाधिकारियों के द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि, संगठन के विस्तार हेतु बृहद रूप से प्रदेश में सदस्यता अभियान चलाते हुए लोगों को सदस्यता दिलाई जा रही है। समारोह के दौरान, समाज के विभिन्न वर्गों से जुड़े व्यक्तियों ने समिति की सदस्यता ली, इनमें व्यापारी, शिक्षक और सामाजिक कार्यकर्ताओं के साथ-साथ युवा वर्ग की भी महत्वपूर्ण भागीदारी रही। समिति के जिला संयोजक शेर सिंह कसौधन ने बताया कि समिति का मुख्य उद्देश्य समाज में अपराध को रोकने और सुरक्षा का माहौल बनाने के लिए आम जनता को जागरूक और सक्रिय करना है। समिति द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में अपराध रोकथाम के विभिन्न उपायों और समुदाय के सहयोग से जुड़ी योजनाओं पर चर्चा की गई। उपस्थित लोगों ने अपने-अपने क्षेत्र में अपराध निरोधक गतिविधियों में योगदान देने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में रुपईडीहा और बाबागंज के दर्जनों संभ्रांत नागरिकों ने हिस्सा लिया। जिसमें शेर सिंह कशौधन, केसरी प्रसाद सोनी, राजीव अग्रवाल, महबूब अहमद, श्याम कुमार सिंह, अमित कुमार मद्धेशिया, श्याम कुमार मिश्रा, अरुण कुमार सिंह, संतोष मिश्रा, इरशाद हुसैन, रमेश मिश्रा, श्रीनिवास व मोहम्मद सलीम सहित तमाम लोगों ने संगठन में अपनी आस्था जताते हुए सदस्यता ग्रहण की। समिति के जिला सचिव केशव कुमार मौर्य ने अपने संबोधन में कहा कि समिति का उद्देश्य सिर्फ अपराध रोकना ही नहीं, बल्कि समाज में कानून का पालन सुनिश्चित करना और लोगों के बीच सुरक्षा की भावना पैदा करना भी है। हम चाहते हैं कि हर नागरिक इसमें सक्रिय भूमिका निभाए। कार्यक्रम के अंत में नए सदस्यों को समिति के उद्देश्यों और कार्यप्रणाली के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई और उन्हें उनकी जिम्मेदारियों से अवगत कराया गया। समिति के इस पहल को समाज के सभी वर्गों से व्यापक समर्थन मिल रहा है, जो एक सुरक्षित और अपराधमुक्त समाज के निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## विवाहिता ने लगा ली फांसी

बांदा। थाना मरका के ग्राम मऊ का मजरा कुरेहापुरवा निवासी शिवबहादुर वर्मा की 26 वर्षीय पत्नी अल्पना पारिवारिक कलह के चलते शनिवार की देर शाम सूने घर में गले में साड़ी का फंदा बनाकर फांसी लगा ली। परिजनों ने जब देखा तो उसे फंदे से नीचे उतारा तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। परिजन का कहना है कि 3 वर्ष पहले अल्पना की शादी हुई थी। पति बाहर मजदूरी करता है। मृतक की मां चंद्रकली ने दहेज उत्पीड़न एवं हत्या की बात पुलिस में कही है। घटना की सूचना पर पुलिस क्षेत्राधिकारी राजवीर सिंह, नायब तहसीलदार मनोहरलाल सिंह व थानाध्यक्ष नरेश कुमार प्रजापति ने मौके पर पहुंचकर शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम को मेडिकल कालेज भेज दिया है।

# गंगा दशहरा में नदियों में लगायी डुबकी



बांदा। ज्येष्ठ माह में गंगा की पूजा का बहुत महत्व है,ऐसा माना जाता है कि इस माह शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि को देवी गंगा पृथ्वी पर अवतरित हुई थीं। यही कारण है इस दिन को गंगा दशहरा के रूप में मनाया जाता है। पावन पर्व पर आज नदियों व सरोवरों में लोगों की भीड़ देखी गयी। यहां स्नान कर आस्थावान दान के अलावा रुद्राभिषेक भी करते देखे गए। ज्योतिषाचार्य पं0ओमप्रकाश शास्त्री कहते हैं कि गंगा दशहरा के दिन शिव पूजन का विशेष महत्व है। ऐसी मान्यता है कि शिव पूजा से बहुत लाभ मिलता है. इस समय भोलेनाथ बहुत प्रसन्न मुद्रा में होते हैं, ऐसे में उनकी विधि-विधान से पूजा करना बहुत फलदायी हो सकता है। रविवार को शहर के केन नदी व नवाब टैंक में लोगों ने स्नान कर पूजन अर्चन किया।

## चोरी की योजना बना रहे 6 लोग हुये गिरफ्तार, चोरी सामान भी बरामद

लोक जन संदेश।

बहराइच ज़की सिद्दीकी, रियाज़ अहमद। कोतवाली नानपारा की पुलिस ने चोरी की योजना बनाते छः लोगों गिरफ्तार किया है। इनके पास से चोरी का सामान भी बरामद हुआ है। पकड़े गए चोरों में तीन बाल अपचारी भी शामिल हैं। पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला और अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण पवित्र मोहन त्रिपाठी ने कोतवाली नानपारा क्षेत्र में हुई चोरियों के खुलासे का निर्देश दिया था। प्रभारी निरीक्षक नानपारा राकेश कुमार सिंह की अगुवाई में पुलिस टीम ने दर्ज चोरी के केस में जांच शुरू की। कोतवाल ने बताया कि चोरी की योजना बनाते समय भज्जापुरवा रेलवे क्रासिंग सीमेन्टेड पटरी के पास से सौरभ शुक्ला पुत्र उमेश कुमार शुक्ला, राफे अली पुत्र आमिर अली निवासी भज्जापुरवा और सोनू पुत्र नौसाद अली निवासी मझौवा कमचियारा व तीन बाल अपचारी को गिरफ्तार किया। इनके पास से 20600 रूपये नकदी, 10 जोड़ी सफेद धातु की पायल, 19 जोड़ी बिछिया, 10 चांदी के सिक्के, 2 नाक की कील पीली धातु के साथ गिरफ्तार किया। बरामद सामान को सीज कर दिया गया है। जबकि बाल अपचारियों को बाल सुधार गृह गोंडा और अन्य को जेल भेज दिया गया है। टीम में कस्बा चौकी इंचार्ज दीपक सिंह, उप निरीक्षक पूर्णेश नरायन पाण्डेय चौकी प्रभारी, प्रमोद कुमार, दिवाकर सिंह, आलोक विक्रम सिंह श्रीकान्त यादव, सन्दीप कुमार शामिल रहे।

# नेपाल से गांधी पर्यावरण योद्धा सम्मान प्राप्त अर्चना पशु पक्षियों के लिए रख रही हैं जल

## रेंगने वाले जीवों सांप आदि के लिए बाग में गड्ढा खोदकर पालीथिन बिछाकर भर रही हैं पानी



लोकजन संदेश
रूरा कानपुर देहात हमारे देश के लोग पेड़ पौधों जीव जंतुओ के महत्व को रियो डी जेनेरियो के सम्मेलन एवं स्टाक होम कन्वेंशन से बहुत पहले समझ चुके थे। हमारी धार्मिक परंपराओं में पेड़ पौधे और जीव जंतुओं का विशेष महत्व है पेरिस के डिसीजन एक्ट में स्थानीय तकनीकी व परंपराओं को प्रोत्साहन की बात कही गई थी पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में हमारे देश में मंदिर के पास पवित्र वन, देववन लगाए जाते हैं गायों के लिए गोचर राहगीरों के लिए खेजड़ी और पीपल बरगद नीम बेल के पौधों का रोपण करने तथा पौधों को चुनरी उढ़ाने लाल धागा बांधने शनिवार को तेल का दीपक जलाने की समृद्ध शाली परंपराएं उक्त सम्मेलनों से बहुत पहले से गतिमान हैं उक्त बात नेपाल देश से गांधी पर्यावरण योद्धा सम्मान प्राप्त अर्चना ने भीषण गर्मी में पशु पक्षियों को बचाने के लिए सांप के बल के पास पानी की व्यवस्था करते हुए कही। आगे अर्चना ने बताया कि पीपल कटने, बांस जलने पर भी दोस्त माना जाता है पीपल प्रजापति नीम नारायण शमी शंकर को पसंद करने के लिए लगाया जाता है माता सीता भारत में पंचवटी में रहीं और श्रीलंका में अशोक वाटिका में, पंचवटी में पीपल बरगद बेल आंवला अशोक के वृक्ष लगाए जाते हैं पारिजात का पौधा माता कुंती की इच्छा पर अर्जुन स्वर्ग से लेकर आए थे। भगवान श्री कृष्णा का बचपन कदंब के पेड़ों पर बाल क्रीड़ा करते हुए गुजरा गीता में श्री कृष्ण ने कहा है अस्वत्थ सर्व वृक्षाणाम सभी वृक्षों में मैं पीपल हूं।

# फोन करने वालों की पहचान होगी आसान, मोबाइल स्क्रीन पर नंबर के साथ दिखेगा नाम

लोकजन संदेश
कानपुर देहात अक्सर अनजान नंबरों से फोन करने वालों की पहचान नहीं होने से यूजर को कई प्रकार की परेशानी होती है लेकिन अब इस समस्या का अंत होने वाला है। कॉल करने वालों की पहचान आसानी से हो इसके लिए अब मोबाइल स्क्रीन पर यूजर के नंबर के साथ नाम भी दिखेगा। टेलिकॉम कम्पनियों ने इसे लेकर हरियाणा और मुम्बई में ट्रायल शुरू कर दिया है। वहीं 15 जुलाई से देश भर में इसे लागू करने की तैयारी है। जिन शहरों में इसके ट्रायल की प्रक्रिया शुरू हुई है वहां टेलीकॉम कंपनियों ने कॉल करने वाले के नंबर के साथ उसका नाम भी दिखाना शुरू कर दिया है। दरअसल बड़ी संख्या में फर्जी कॉल करने वाले सीधे साधे लोगों को ठगी का शिकार बनाते हैं। साथ ही कई बार लोगों की पहचान उजागर नहीं होने से यूजर अनजान नम्बरों के फोन उठाने से बचते हैं। इन स्थितियों में कई लोगों को बड़ी परेशानी होती है। यहां तक कि कुछ ऐसे एप्प मौजूद हैं जिसे लोग मोबाइल में रखते हैं ताकि फोन करने वाले अनजान लोगों को नाम के साथ पहचाना जा सके। ऐसे में अब टेलिकॉम कम्पनियों ने सभी फोन कॉल में यूजर्स के नाम को प्रदर्शित करने की योजना बनाई है। इससे जिसका भी फोन आएगा उसका नाम मोबाइल पर स्वत: आ जायेगा। टेलीकॉम कंपनियों को ऐसा करने के लिए दूरसंचार विभाग द्वारा आदेश दिया गया है। सिम खरीदते वक्त फॉर्म पर दी गई जानकारी के आधार पर कॉल करने वाले का नाम यूजर के मोबाइल पर दिखेगा। यानी किसी ने अगर राजेश कटियार के नाम वाले आधार से सिम खरीदा है तो उसका नाम दूसरे के मोबाइल पर राजेश कटियार के रूप में ही दिखेगा। देश भर में इसे शुरू करने के पहले फिलहाल दो सर्किल मुम्बई और हरियाणा में इसका ट्रायल किया जा रहा है। जुलाई में इसे देश भर में शुरू किया जा सकता है।

# नि:शुल्क नेत्र परिक्षण व चश्मा वितरण




कानपुर। भारतीय सिंधू सभा के तत्वाधान में सिन्धू सम्राट महाराजा दाहिरसेन जी के बलिदान दिवस के अवसर पर स्वरूप नगर स्थित लिटिल चैम्पस किड्स आई केयर सेन्टर मे नि: शुल्क नेत्र परिक्षण वा चश्मा वितरण किया गया। बातचीत के दौरान बताया लगभग 15 वर्ष के बच्चों ने अपनी नेत्र जांच कराई जिसमें 60 बच्चों को नि:शुल्क चश्मे के साथ दवाई भी दी गई। इस अवसर पर कनिका हॉस्पिटल के डॉ शोभी पांडे डॉ शरद बाजपेयी डॉ, सुकान्त पांडे आदि ने इस कार्यक्रम को सफल बनाने में विशेष सहयोग प्रदान किया उक्त कार्यक्रम को सफल बनाने में इंद्रजीत अहूजा ,चन्दू ओमप्रकाश , दीपक अंशवानी गिरधारी ,विक्की ,दिलीप ,कुलदीप आदि लोग उपस्थित रहे।

# दवा व्यापारी चिंतन गोष्ठी का आयोजन

कानपुर। दवा व्यापारियों की संस्था दि दवा व्यापार मंडल एवं फुटकर दवा व्यापार मंडल के तत्वाधान मे 80 फिट रोड पर दवा व्यापारी चिंतन गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी मे पूरे प्रदेश के 32 जिलों से दवा व्यापारियों ने भाग लिया। इस मौके पर अध्यक्ष राजेंद्र सैनी ने कहा कि डॉ और अस्पताल के निजी मेडिकल स्टोर में 20 से 30त्न अतिरिक्त मुनाफा देकर अपनी दवाई सीधा लखनऊ या कम्पनी से सप्लाई कर रही है जिससे दवा व्यापारियों का व्यापार 40त्न तक घट गया है। संरक्षक स0हरविंदर सिंह भल्ला ने कहा की दवा व्यापारियों की सुनने वाला कोई नहीं है जिससे दवा कंपनियां बेख़ौफ़ हो गई है और अपने फायदे के लिए नए-नए नियम बनाती जा रहे है । जिससे दवा व्यापारियों का मुनाफा घट रहा है। महामंत्री नंद किशोर ओझा ने कहा कि दावों की वापसी एक्सपायरी एवं डैमेज ना लेनी पड़े इसके लिए मित्र नए नियम बनाए जा रहे हैं जो कि पूरे दवा व्यापार के लिए,हानिकारक है।लखनऊ के ओ पी सिंह ने कहा कि दवा व्यापारियो की अखिल के पदाधिकारी राष्ट्रीय एव बहुराष्ट्रीय दवा कंपनियों को प्रोत्साहित करते हैंकि वह नये नियम बनाकर निजी मुनाफा बड़ा ले और इसमें बदले में स्वयं हिस्सा लेते हैं उमेश श्रीवास्तव ने कहा कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश में दवा व्यापारियों की कोई भी संस्था अब काम नहीं कर रही है जिससे परेशान दवा व्यापारी भटक रहा है और उसकी सुनने वाला कोई नहीं पुनीत सिंघल ने कहा की दवा व्यापार अब ड्रग एंड कॉस्मेटिक एट के नियमों के हिसाब से नहीं चलता जो कि पूर्णत गलत है सुभाष मौर्य ने कहा कि कंपनियां अब एक्सपायरी के नाम पर सेल 2त्न एक्सपायरी का नियम लग रही है जो कि गलत है कार्यक्रम का संचालन महामंत्री प्रवीण वाजपेई ने किया मीडिया प्रभारी सुमित के साथ रोहित अशोक अग्रवाल राजेश गुप्ता योगेश शेषनारायण इरफान राकेश संजय मल्होत्रा आदि लोगउपस्थित रहे।




# गंगा दशहरा के पर्व पर करौली शंकर महादेव जी के द्वारा मां गंगा आरती,भजन व महाहवन का किया गया आयोजन



कानपुर - सरसैया घाट के गंगा तट पर प्रत्येक रविवार को करौली सरकार जी के द्वारा मां गंगा आरती के संकल्प में आज गंगा दशहरा की पूर्व संध्या पर किया गया भव्य आयोजन जिसमें देश के सभी शहरों से आए भक्तो ने इस आयोजन में भाग लिया।शंकर सेना के प्रदेश अध्यक्ष सुबोध चोपड़ा ने गंगा आरती के साथ भजन संध्या का आयोजन कर भक्तों को आनंदित किया। आज की गंगा आरती ,भजन संध्या व महाहवन के मुख्य अतिथि उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष बनवारी लाल कंछल जी की मुख्य उपस्थित गंगा तट पर रही। आरती के पश्चात उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष बनवारी लाल कंछल ने कहा कि आध्यात्मिक रूप से गंगा जितनी पवित्र निर्मल स्वच्छ और पतित पावनी है अपने ऋषियों ने भौतिक रूप से भी गंगा को उतना ही स्वच्छ निर्मल और पवित्र रखने का निर्देश दिया है। देश की जनता को अपना कर्तव्य समझ कर गंगा को मातूवत स्थान देते हुए उन्हें संरक्षित तथा प्रदूषण मुक्त करने हेतु पूर्ण सहयोग करना चाहिए। उन्होंने इस तरह से आयोजनों को करवाने के लिए करौली शंकर महादेव जी को धन्यवाद किया की इस तरह मां गंगा के तट पर आयोजनों से अपनी संस्कृति को बल मिलता है इन आयोजनों में युवाओं को भी अपनी सहभागिता करनी चाहिए ये संदेश भी दिया साथ ही ये भी कहा की पॉलीथिन प्लास्टिक के दोने प्लेटे,विभिन्न संस्कारों से उतारे गए केस, विभिन्न उत्सवों के समय निर्मित होने वाली प्लास्टर ऑफ पेरिस व केमिकल रंगों से रंगी मूर्तियों का विसर्जन,अधजली शव का प्रवाह प्रतिबंध करते हुए कपड़े धोने तथा स्नान के दौरान शैंपू साबुन तेल उबटन आदि का प्रयोग पर रोक लगाई जानी चाहिए। इसी दौरान शंकर सेना के प्रदेश अध्यक्ष सुबोध चोपड़ा ने मां गंगा के प्रति दायित्वों का निर्वहन करने की अपील करते हु कहा की गंगा के समीपवर्ती क्षेत्रो में स्थापित फैक्ट्री को यथासंभव अन्यत्र स्थापित किया जाए। सीवर गंदे नालो तथा कारखाने से निकलने वाले हानिकारक द्रव्यो को किसी भी स्थिति में गंगा में ना गिरने दिया जाए। औसत जल प्रवाह निरंतर प्रभावित होते रहने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। श्री चोपड़ा ने कहा कि गंगा प्रिजर्वेशन एक्ट सरकार द्वारा बनाया जाए तथा शक्ति से उसका पालन किया जाना चाहिए। इसके साथ ही गंगा में किसी भी प्रकार के प्रदूषण फैलाने को अक्षम्य अपराध की श्रेणी में सम्मिलित करते हुए ऐसे कृतियों को संलिप्त पाए जाने पर कठोर दंड का प्रावधान भी होना चाहिए। आज देश के प्रत्येक नागरिक समाज और सरकार का यह उत्तरदायित्व है कि गंगाजल को प्रदूषित न होने दें ताकि भविष्य में हमें स्वच्छ गंगाजल के लिए कहीं तरसना न पड़े हम सब का मां गंगा को स्वच्छ रखना नैतिक कर्तव्य है। इसी के साथ आज सरसैया घाट पर विशाल गंगा आरती के पश्चात भजन संध्या व महाहवन का सभी भक्तों ने आनंद लिया प्रात: सभी भक्तो ने मां गंगा का आचमन किया और डुबकी लगाई तट पर करौली शंकर महादेव जी के द्वारा महाप्रसाद प्रसाद व शरबत आदि का वितरण किया गया ।

# अपराध नियन्त्रण हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत जारी रही अभियुक्तों पर कार्रवाई

कानपुर देहात। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में गत शनिवार को जनपद में अपराधियों के विरुद्व व अपराध नियन्त्रण हेतु चलाये जा रहे अभियान एवं शान्ति व्यवस्था कायम रखने हेतु कार्यवाही जारी रही ।थाना सिकन्दरा पुलिस द्वारा धारा 304 भादवि में वांछित अभियुक्तगण प्रेमपाल, राधेश्याम, सत्यनरायण निवासीगण करीमनगर थाना सिकन्दरा कानपुर देहात को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही की गयी ।थाना सट्टी पुलिस द्वारा धारा 302/34 भादवि में वांछित अभियुक्त रोनू निवासी नौवादपुर थाना सट्टी कानपुर देहात को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही की गयी। थाना गजनेर पुलिस द्वारा अभियुक्त अभय शर्मा निवासी गुजैनी पतरसा थाना पनकी जिला कानपुर नगर के कब्जे से नाजायज 20 लीटर कच्ची शराब बरामद होने के सम्बन्ध में गिरफ्तार कर मशश धारा 60 आबकारी अधिनियम पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की गयी। थाना गजनेर पुलिस द्वारा अभियुक्त धीरु निवासी ग्राम किशनपुर बलाई थाना डेरापुर जनपद कानपुर देहात के कब्जे से 20 लीटर कच्ची शराब बरामद होने के सम्बन्ध में गिरफ्तार कर धारा 60 आबकारी अधिनियम पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की गयी ।वहीं जनपद मे शांति व्यवस्था कायम रखने हेतु थाना सिकन्दरा पुलिस द्वारा 2 व्यक्तियों, थाना शिवली पुलिस द्वारा 4 व्यक्तियों, थाना सट्टी पुलिस द्वारा 3 व्यक्तियों, थाना रनियां पुलिस द्वारा 1 व्यक्ति, थाना अकबरपुर पुलिस द्वारा 2 व्यक्तियों तथा थाना भोगनीपुर पुलिस द्वारा 2 व्यक्तियों का धारा 151/107/116 के अन्तर्गत चालान किया गया।

# दाखिले की उम्र सीमा में तीन महीने की छूट देगी सरकार

## 1 जुलाई को 6 साल की उम्र पूरी करने वाले बच्चों को पहली कक्षा में एडमिशन देने की तैयारी

लोकजन संदेश
कानपुर देहात पहली कक्षा में दाखिले के लिए उम्र सीमा में तीन महीने की छूट मिल सकती है। प्रदेश सरकार जल्द ही इस पर निर्णय लेगी। इसके बाद एक जुलाई को छह साल की उम्र पूरी करने वालों को भी दाखिला मिल सकता है। इससे पहले एक अप्रैल को छह साल की उम्र पूरी करने वालों को ही दाखिला देने का निर्णय लिया गया था। पूरे देश में नियम है कि पहली कक्षा में छह साल से कम उम्र में दाखिला न लिया जाए। शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत यह नियम पहले से लागू है। अब नई शिक्षा नीति में इसे सख्ती से लागू करने की बात कही गई है। पिछले साल भी केंद्र ने सभी राज्यों को इस बाबत निर्देश दिए थे। इसके बावजूद कुछ राज्यों ने कम उम्र के बच्चों को दाखिला दिया था। इसे देखते हुए यूपी में भी प्रदेश सरकार ने इसे सख्ती से लागू किया।

यूं उठी उम्र सीमा में छूट की मांग-

पहले यूपी बोर्ड और बेसिक शिक्षा परिषद के स्कूलों का सत्र जुलाई से शुरू होता था। ऐसे में जुलाई में छह साल की उम्र लागू होती थी चूंकि अब बेसिक शिक्षा परिषद और यूपी बोर्ड का सत्र भी एक अप्रैल से शुरू हो जाता है। ऐसे में प्रदेश सरकार ने सख्त निर्देश दिए कि एक अप्रैल को जिनकी उम्र छह साल पूरी हो चुकी है उनको ही दाखिला दिया जाए। उधर सरकार यह भी चाहती है कि स्कूलों में छात्र संख्या बढ़े। शिक्षकों पर अधिक दाखिले करने का दबाव है। इस वजह से उम्र सीमा में छूट देने की मांग उठ रही थी। इसे देखते हुए शासन स्तर पर यह सहमति बन चुकी है कि केंद्र से विशेष अपील करके जुलाई में छह साल पूरे करने वाले बच्चों को दाखिला दिया जाए। जल्द इसका शासनादेश जारी किया जा सकता है।

समझिए क्यों बदलना पड़ रहा निर्णय-

एक अप्रैल को नया सत्र तो शुरू हो गया लेकिन कुछ दिन पढ़ाई के बाद फिर छुट्टी हो गई। इसके बाद जून अंत से जुलाई की शुरुआत तक स्कूल चलो अभियान चलाया जाता है। बेसिक शिक्षा परिषद के स्कूलों में तभी ज्यादातर दाखिले होते हैं। ऐसे में एक अप्रैल को छह साल की उम्र पूरी करने के नियम से दिक्कत यह आ रही थी कि जुलाई में जो बच्चे दाखिला लेंगे उनकी उम्र छह साल से तीन महीने ज्यादा हो चुकी होगी। इससे जून-जुलाई में दाखिले नहीं होंगे। वैसे भी बेसिक स्कूलों में सत्र 2022-23 की तुलना में 2023-24 में बच्चों की संख्या 24 लाख कम हो गई थी। छह साल उम्र के नियम से छात्र संख्या में और कमी आयेगी। इसी वजह से उम्र सीमा में ढील देने की तैयारी है।

लोकजन संदेश
हिन्दी दैनिक
स्वामी प्रकाशक मुद्रक मो. सलीम द्वारा मां प्रिन्टर्स गार्डन नं. 6-ए/7 रेलबजार कानपुर नगर-208004 से छपवाकर प्रधान कार्यालय 105/55 चमनगंज कानपुर 208001 से प्रकाशित। Email: knplokjansandesh@gmail.com lokjansandesh1@gmail.com
R.N.I: UPHIN/2015/68360
समाचार पत्र से प्रकाशित समस्त लेखों एवं समाचारों की जिम्मेदारी लेखकों की होगी आपत्तियां दो सप्ताह के अंदर ही स्वीकार की जाएंगी। समस्त विवाद कानपुर न्यायालय के अधीन होंगे। समाचार पत्र के सभी पद अवैतनिक हैं।
संपादक
मो. सलीम
8840049299